RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-156 जयपुर, शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

# अजमेर दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल में लिखा- पुतिन के आते ही विस्फोट हो जाएगा, परिसर खाली करवाकर किया सर्च

अजमेर

अजमेर दरगाह और कलेक्ट्रेट को गुरुवार दोपहर बम से उड़ाने की धमकी मिली। कलेक्टर की ऑफिशियल आइडी पर आए ईमेल में लिखा- 'अजमेर कुडनकुलम परमाणु संयंत्र, कलेक्टर कार्यालय और दरगाह गरीब नवाज में 4 आरडीएक्स, आईइडी लगाए गए हैं। पुतिन के आते ही विस्फोट हो जाएगा।'

पुलिस और इंटेलिजेंस की टीम ने मेटल डिटेक्टर व डॉग स्क्वॉड के जरिए सर्च किया। कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों और दरगाह परिसर को खाली करवाकर चेक किया गया। इस दौरान दरगाह में जायरीनों की एंट्री बंद कर दी गई। एडिशनल एसपी दीपक शर्मा ने बताया- कलेक्टर की ईमेल आईडी पर इन दोनों जगह को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दरगाह और कलेक्ट्रेट पर कोने-कोने में तलाश की गई। एक-एक जगह को छान मारा है। कलेक्ट्रेट में एक घंटे और दरगाह में 2 घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया। दोनों जगह कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती ने कहा कि दरगाह पुलिस उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम से धमकी मिलने की सूचना मिली थी। दरगाह को खाली करवाने की जानकारी दी गई। इसके बाद युवा खादिम के जरिए एकजुट होकर दरगाह को खाली करवाया गया। पुलिस के साथ मिलकर दरगाह को चेक करवाया। प्रारंभिक जांच में यह धमकी फेक है। चिश्ती ने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर वॉट्सऐप के जरिए ग्रुप से सभी की मदद ली गई थी।





### 814वां उर्स से पहले दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 814वां उर्स 17 दिसंबर को झंडे की रस्म के बाद शुरू होगा। इसके कुछ दिन बाद चांद दिखाई देने पर औपचारिक शुरुआत होगी। उर्स शुरू होने से पहले दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट पर आ गईं। बता दें कि 11 अक्टूबर 2007 को रोजा इफ्तारी के दौरान दरगाह में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे।

### तीन साल बाद दरगाह को पूरी तरह से खाली करवाया

सितंबर 2022 में बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना जब अजमेर दरगाह जियारत करने पहुंची थीं, तब दरगाह को पूरी तरह खाली करवाया गया। उसके बाद आज बम की धमकी देने के बाद एक बार फिर दरगाह को पूरी तरीके से खाली करवाया गया है। हालांकि इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों के साथ कुछ खादिम मौजूद हैं। खादिमों की मौजूदगी में ही चेकिंग की जा रही है।

### चप्पा-चप्पा छाना, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

एडिशनल एसपी दीपक शर्मा ने बताया- कलेक्टर की ईमेल आईडी पर इन दोनों जगह को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दरगाह और कलेक्ट्रेट पर कोने-कोने में तलाश की गई। एक-एक जगह को छान मारा है। कलेक्ट्रेट में एक घंटे और दरगाह में 2 घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया। दोनों जगह कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-बीएलओ के काम के दबाव को कम करें

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम ना कर पाने बीएलओ के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए।

टीवीके के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। यदि बीएलओटारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो ईसी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है।

भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग को कर्मचारी उपलब्ध कराएं।

# रुपया लागतार दूसरे दिन ऑल टाइम लो पर

नई दिल्ली

रुपया 4 दिसंबर को डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। पीटीआई के अनुसार आज डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे गिरकर 90.43 के स्तर पर आ गया है। कल यानी 3 दिसंबर को ये 90.15 के स्तर पर बंद हुआ था। लगातार विदेशी फंड्स की निकासी ने रुपए पर दबाव बनाया है। रुपया 2025 में अब तक 5.5% कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था, जो अब 90.43 रुपए के लेवल पर पहुंच गया है। रुपए में गिरावट से इम्पोर्ट करना महंगा होगा रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है।

इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी, तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाता था।

# स्टाफ की कमी से इंडिगो की 300 फ्लाइट्स कैंसिल

## जयपुर, इंदौर, दिल्ली में हजारों यात्री परेशान, पुणे में 8 घंटे का इंतजार, 3 यात्री बेहोश

नई दिल्ली/बेंगलुरु/मुंबई

एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझ रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली, मुंबई सहित 10 से ज्यादा एयरपोर्ट में इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं।

पुणे एयरपोर्ट पर एक पैसेंजर ने बताया कि आठ घंटे से ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट के दोनों फ्लोर यात्रियों से भरे हैं। तीन पैसेंजर्स बेहोश भी हो गए। एयरलाइन की तरफ से फ्लाइट कैंसिलेशन का कोई मैसेज भी नहीं आ रहा है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर आज इंडिगो की कुल 95 उड़ानें रद्द हुई हैं। इनमें 48 दिल्ली से जाने और 47 आने वाली घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स थीं। वहीं मुंबई में 86, बेंगलुरु में 50, हैदराबाद में 70, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुई हैं।

दरअसल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने सभी एयरलाइंस के लिए 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े सुरक्षा नियमों में बदलाव किए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर इंडिगो एयरलाइन पर पड़ा है। गुरुवार को इंडिगो के अधिकारी इस मामले पर डीजीसीए से मुलाकात करने पहुंचे।

### इंडिगो के पास सबसे ज्यादा प्लेन, इसलिए ज्यादा असर

एयरलाइन दिन भर में लगभग 2,300 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें ऑपरेट करती है। यह संख्या एअर इंडिया के एक दिन में संचालित उड़ानों की लगभग दोगुनी है। इतने बड़े पैमाने पर यदि 10-20 प्रतिशत उड़ानें भी देर से चलें या रद्द हों, तो इसका मतलब होता है 200-400 उड़ानें प्रभावित होना। हजारों यात्रियों के लिए बड़ी मुश्किलें आना। बुधवार को भी इंडिगो की 200 से ज्यादा उड़ानों पर असर पड़ा था।

### इंडिगो ने कहा- 5 दिसंबर तक हालात सामान्य होंगे

एयरलाइन ने बुधवार को एक बयान जारी किया। कहा कि छोटी-मोटी तकनीकी खराबी, सर्दियों के कारण शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, एविएशन सिस्टम में स्लो नेटवर्क और क्रू मेंबर्स के शिफ्ट चार्ट से जुड़े नए नियमों (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) की वजह से ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। इसका पहले से अनुमान लगाना संभव नहीं था। 5 दिसंबर तक हालात सामान्य हो जाएंगे।

# इस सीजन में पहली बार तापमान 1 डिग्री के करीब

जयपुर

बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। प्रदेश के शेखावाटी क्षेत्र में पारा 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। सीकर के फतेहपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जो प्रदेश में इस सीजन का सबसे कम तापमान है। वहीं, शेखावाटी के दूसरे क्षेत्रों में तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग ने आज और कल सीकर, चूरू और झुंझुनूं में शीतलहर की भी चेतावनी दी है।

### 2 दिन से गिर रहा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार सर्द हवा के कारण ठंड बढ़ रही है। इसका सबसे ज्यादा असर सीकर, झुंझुनूं, चूरू, बीकानेर व आसपास के इलाकों में दिख रहा है। यहां के कई जिलों में रात का तापमान लगातार गिर रहा है। मंगलवार को सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री थी। वहीं, बीकानेर के लूणकरणसर में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, बुधवार को फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री के करीब रहा।

### दिन में बढ़ी सर्दी, अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे

राज्य में बुधवार को अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई। प्रदेश के सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, करौली और हनुमानगढ़ के इलाकों में अधिकतम तापमान औसत से नीचे दर्ज हुआ। बुधवार को दिन में सबसे ठंडा इलाका सिरोही रहा, जहां का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अलवर, सीकर सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 से कम रिकॉर्ड हुआ।

### अगले 48 घंटे और बढ़ेगी सर्दी

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहेगा। इस दौरान सर्द हवाओं का असर और बढ़ने की संभावना है। अगले 24 से 48 घंटों के दौरान उत्तरी राजस्थान के शहरों में रात की सर्दी और बढ़ने की संभावना है, जहां न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री और गिरावट होने की संभावना है। 4 और 5 दिसंबर को सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में कोल्ड-वेव चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई।

हादसा भारतीय टाइम के मुताबिक रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्रॉना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ। विमान ट्रॉना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया।

# अमेरिका में पाकिस्तानी पीएम-आर्मी चीफ पर बैन लगाने की मांग

## 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहा- पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं। यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है।

सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। इसी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं।

# सुषमा स्वराज के पति स्वराज कौशल का निधन

नई दिल्ली

पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज लोधी रोड श्मशान घाट पर किया जाएगा। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे।

# प्रदेश में बदले जमीन के रजिस्ट्री नियम, 90ए के बिना अटकेगी प्रक्रिया

## लैंड कन्वर्जन के सबूत के बाद ही बढ़ेगी फाइल

जयपुर

प्रदेश में अब बिना कन्वर्जन और 90ए के सोसाइटी पट्टों की रजिस्ट्री नहीं होगी। इसे लेकर राज्य सरकार ने रजिस्ट्रेशन एक्ट-2021 में हुए संशोधन को मंगलवार से लागू कर दिया है, जिसके बाद पूरे प्रदेश में रजिस्ट्री ऑफिसों में कामकाज ठप रहा। नोटिफिकेशन के अनुसार, अब बिना कन्वर्जन और 90ए के सोसाइटी पट्टों की रजिस्ट्री होने पर पूरी जिम्मेदारी उप रजिस्ट्रार की होगी। ऐसे में बुधवार को प्रदेशभर के रजिस्ट्री ऑफिसों में कामकाज न के बराबर हुआ। सोसाइटी पट्टे के रजिस्ट्रेशन के समय अब भूखंड मालिक को यह बताना होगा कि उसे जिस जमीन पर प्लॉट खरीदा है, उसका कन्वर्जन हो गया है अथवा वह 90ए में शामिल हो गई है।

### सरकारी, एससी-एसटी, कृषि भूमि के गलत बेचान पर लगेगी लगाम

इस आदेश के पीछे सरकार की मंशा है कि गलत तरीके से सरकारी जमीन, एससी-एसटी की जमीन, कृषि भूमि का बेचान नहीं हो। इसे लेकर कई तरह के विवाद होते रहते हैं। काश्तकारी अधिनियम के तहत एससी-एसटी की जमीन केवल एससी-एसटी के व्यक्ति को ही बेची जा सकती है। लेकिन कई सोसाइटी वाले एससी-एसटी की जमीन खरीदकर बिना कन्वर्जन के ही उस पर प्लॉटिंग कर देते थे। इसके बाद उन जमीनों पर विवाद खड़ा हो जाता था। इससे बचने के लिए सरकार ने रजिस्ट्रेशन एक्ट में संशोधन को लागू कर दिया है।

दरअसल, इस आदेश के बाद रजिस्ट्री ऑफिसों में गफलत की स्थिति बन गई है। उप रजिस्ट्रार अब उन्हीं सोसाइटी पट्टों की रजिस्ट्री कर रहे हैं, जिन पट्टों के साथ भू-मालिक कन्वर्जन और 90ए का सबूत देंगे। ऐसे में उन लोगों की मुसीबत बढ़ गई है, जिन्होंने सोसाइटी से प्लॉट खरीद लिए हैं। अगर सोसाइटी उन्हें कन्वर्जन और 90ए के दस्तावेज नहीं देती है तो उन्हें अब जिला प्रशासन और जेडीए से कन्वर्जन और 90ए के कागजात लेने होंगे। इस आदेश का रजिस्ट्री ऑफिस में काम करने वाले वकीलों ने भी विरोध किया है। वकीलों का कहना है कि इससे आमजन की परेशानी बढ़ेगी।

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात न करने देने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा

# सरकार नहीं चाहती मैं पुतिन से मिलूं, विदेशी मेहमान को विपक्षी नेता से न मिलने को कहा जाता है- राहुल गांधी

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात न करने देने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा- सरकार नहीं चाहती है कि मैं बाहर से आने वाले लोगों से मिलूं। मोदी जी और विदेश मंत्रालय इस नियम का पालन नहीं करते हैं। यह उनकी इनसिक्योरिटी है।

आमतौर पर परंपरा है कि जो भी बाहर से आता है, वह लीडर ऑफ अपोजिशन से मिलता है। ऐसा वाजपेयी जी, मनमोहन सिंह जी की सरकारों के दौरान होता था। लेकिन आजकल विदेशी मेहमान या जब मैं विदेश जाता हूं तो केंद्र सरकार उन्हें लीडर ऑफ अपोजिशन से न मिलने की सलाह देती है। दरअसल राहुल ने ये बातें संसद के बाहर कहीं। वे शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन 5-6 दिसंबर को भारत दौरे पर आ रहे हैं। वे करीब 30 घंटे तक भारत में रहेंगे। उनका यह दौरा भारत-रूस के बीच रणनीतिक संबंधों के 25 साल पूरे होने पर हो रहा है।

### सोनिया बोलीं- दिल्ली प्रदूषण पर सरकार तुरंत कदम उठाए

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार से दिल्ली प्रदूषण पर तुरंत एक्शन लेने की मांग की है। उन्होंने कहा- बच्चे मर रहे हैं, बुजुर्गों को भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सरकार की जिम्मेदारी है कि कुछ करें, प्रधानमंत्री बयानबाजी बंद करें और समस्या का हल करें।

भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा- यह सच है कि प्रदूषण है, लेकिन यह आज या कुछ दिनों का नहीं है। बल्कि यह कई सालों से चल रहा है। सरकार इसे लेकर सीरियस है और इस पर काम भी कर रही है। इतनी बड़ी समस्या को एक बार में हल नहीं किया जा सकता, लगातार कोशिशों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अगले साल इस पर कुछ ठोस काम होगा और प्रदूषण कम होगा। अगर आप सोचते हैं कि कल एक सरकार गई और आज दूसरी सरकार इसे ठीक कर देगी, तो ऐसा नहीं होता। हर चीज में समय लगता है और जब काम इतना बड़ा हो, पिछले साल से हरियाणा में पराली जलना अब 90% कम हो गया है, लेकिन पंजाब में अभी भी लगातार पराली जल रही है।




### दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर सदन में विपक्ष का प्रदर्शन

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सांसदों ने दिल्ली एयर पॉल्यूशन के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। कई विपक्षी सांसद गैस मास्क पहनकर पहुंचे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- हमें कौन सा मौसम एन्जॉय करना चाहिए? बाहर के हालात तो देखो। जैसा सोनिया जी ने कहा, बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उन्हें अस्थमा है और उनके जैसे सीनियर सिटिजन को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। हालात साल दर साल खराब होते जा रहे हैं।

# संसद में गडकरी बोले- सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे

## बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा, 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा। उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपए है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था। फ्रास्टैग आया तो गाड़ियों का टोल पर रुकने का समय कम हुआ। अब अगला कदम बिना बैरियर वाले हाईटेक टोल की तरफ है।

अब टोल पर रुकने की जरूरत नहीं, पैसे अपने आप कट जाते हैं नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन प्रोग्राम बनाया है। ये पूरे देश के लिए एक जैसा और आपस में जुड़ा इलेक्ट्रॉनिक टोल प्लेटफॉर्म है। इसका मकसद अलग-अलग हाईवे पर अलग सिस्टम की परेशानी खत्म करना और एक ही तकनीक से आसानी से टोल वसूली करना है। इस एनइटीसी सिस्टम का मुख्य हिस्सा फास्टेग है, जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक वाला टैग होता है और गाड़ी के सामने वाले शीशे (विंडस्क्रीन) पर चिपकाया जाता है। जैसे ही गाड़ी टोल लेन से गुजरती है, सेंसर इस टैग को रीड कर लेता है और यूजर के लिंक्ड बैंक खाते या वॉलेट से पैसा कट जाता है।

# मुस्लिम महिला को तलाक दिया है तो निकाह में मिला सामान और उपहार भी लौटाना पड़ेगा: कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों से जुड़े एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला को निकाह के समय अपने मायके से लाया गया पूरा सामान, सोना-चांदी, नकदी तथा रिश्तेदारों-दोस्तों से मिले सभी उपहार वापस लेने का पूर्ण कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति संजिव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने यह भी कहा कि इन वस्तुओं को महिला की निजी संपत्ति माना जाएगा और तलाक के बाद इन्हें वापस करना बाध्यकारी होगा। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की नई एवं व्यापक व्याख्या की। कोर्ट ने कहा कि इस धारा को केवल सिविल विवाद के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त लैंगिक समानता, गरिमा और आर्थिक स्वायत्तता के सिद्धांतों के अनुरूप समझा जाना चाहिए।

पीठ ने 2001 के डैनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून का मूल उद्देश्य तलाक के बाद मुस्लिम महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

मामला कोलकाता की एक तलाकशुदा महिला का था, जिसने अपने पूर्व पति के खिलाफ 1986 के कानून के तहत याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने महिला के दावे को पूरी तरह न्यायोचित मानते हुए पूर्व पति को 17,67,980 रुपये छह हफ्तों के अंदर महिला के बैंक खाते में जमा करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को पूरी तरह पलट दिया, जिसमें महिला के दावे को खारिज कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने मामले को महज सिविल वाद की तरह देखा और निकाहनामे में दर्ज प्रविष्टियों के आधार पर सबूतों की गलत व्याख्या की। कोर्ट ने टिप्पणी की कि हाई कोर्ट ने कानून के सामाजिक न्याय के उद्देश्य को नजरअंदाज कर दिया और संवैधानिक मूल्यों से विमुख निर्णय दिया।यह फैसला देश भर में लाखों तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए राहत की खबर है। अब वे न सिर्फ मेहर व गुजारा भत्ता, बल्कि शादी में अपने मायके से लाया सामान और मिले सभी उपहार कानूनी रूप से वापस प्राप्त कर सकेंगी। कानूनी विशेषज्ञों ने इसे लैंगिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ आज




नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ गुरुवार को, बाल विवाह को समाप्त करने के राष्ट्रीय मिशन के एक साल पूरे होने के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर इसका शुभारंभ करेगी। मूल अभियान की शुरुआत 27 नवंबर 2024 को की गई। 100 दिन के अभियान की रणनीति तीन चरणों में होगी। पहला चरण (31 दिसंबर 2025 तक) स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां (डिबेट, निबंध, शपथ ग्रहण)। दूसरा चरण (31 जनवरी 2026 तक) धार्मिक नेताओं, सामुदायिक प्रभावकारों और विवाह सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर बच्चों के अधिकारों का संदेश फैलाना। तीसरा/अंतिम चरण (1 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक) ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के सहयोग से स्थानीय स्तर पर बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने के प्रस्ताव पारित करना। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पंचायती राज, ग्रामीण विकास और शिक्षा मंत्रालय। यह अभियान नागरिकों, संस्थाओं और सामुदायिक नेताओं से सहयोग की अपील करता है ताकि बाल विवाह को समाप्त करने के भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके।

## एसआईआर : उन्नाव में एक घर से थे 45 मतदाता, सत्यापन के बाद बचे मात्र 3 वोटर

उन्नाव (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिले में यह मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। कमलेश कुमार, आशीष और माधुरी देवी, जो अपने दो नाबालिग बच्चियों के साथ रहते हैं। इन तीनों ने अपना एसआईआर फॉर्म भरकर जमा कर दिया था। बाकी 42 लोगों का नाम, जो उसी पते पर दर्ज हैं, कौन हैं और कहां रहते हैं, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। सदर तहसील के पूरन नगर मोहल्ला के 57 नंबर घर के पते पर वोटर लिस्ट में 45 लोगों के नाम दर्ज थे। जब क्षेत्र के बीएलओ राजीव त्रिपाठी निर्वाचन निर्वाचक नामावली 2025 की वोटर लिस्ट लेकर एसआईआर वोटर सत्यापन के लिए गए, तो उन्होंने पाया कि इस घर में केवल तीन लोग मौजूद हैं। एडीएम सुशील कुमार गौड़ ने कहा कि यह मामला निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और वोटर लिस्ट की सटीकता पर सवाल खड़ा करता है। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और पूरी तरह जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करेगा। मामले के सामने आने के बाद एडीएम ने बताया कि मामले की टीम बनाकर जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एआरओ (असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर) को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्नाव जिले में कई फैक्ट्रियां भी हैं, संभव है कि किसी की जानकारी गलती से इस पते पर दर्ज हो गई हो। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यात्री की तबीयत बिगड़ी... तिरुवनंतपुरम जा रहे विमान को मंगलुरु में उतारा गया

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। यात्री के अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण तिरुवनंतपुरम जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। सोमवार देर रात तिरुवनंतपुरम जा रहे विमान में एक लगभग 35 वर्षीय यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। विमान के चालक दल ने तुरंत मंगलुरु हवाई अड्डे के संचालन नियंत्रण केंद्र को सूचित किया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू किए और चिकित्सा दल, सीआईएसएफ, आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग के साथ समन्वय किया। विमान के उतरते ही हवाई अड्डे के चिकित्सा कर्मियों ने यात्री की स्थिति का आकलन किया और उन्हें तत्काल शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्री के रिश्तेदार भी उनके साथ विमान से उतरे। चालक दल की समय पर मदद से यात्री को स्थिर करने में मदद मिली। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद, विमान देर रात दो बजकर पांच मिनट पर तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना हुआ। एयरलाइन एक प्रवक्ता ने इस समन्वित प्रतिक्रिया को हवाई अड्डे की तत्परता और यात्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। यह घटना दर्शाती है कि विमानन और हवाई अड्डा अधिकारी किस तरह चिकित्सा संबंधी आकस्मिकताओं से प्रभावी ढंग से निपटते हैं।

## दो कॉलेजों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बम स्क्वॉड ने ली तलाशी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद कैंपस में तलाशी शुरु की गई। बता दें इन दो कॉलेजों में रामजस कॉलेज और देश बंधु कॉलेज का नाम सामने आया है। कॉलेजों को यह धमकी मेल के जरिए दी भेजी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दोनों कॉलेजों के कैंपस में सघन सर्च ऑपरेशन शुरु हुआ। पुलिस और बम स्क्वॉड टीमों ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। अधिकारी फिलहाल स्थिति पर नजर रख रहे हैं। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह धमकी महज एक अफवाह थी या इसके पीछे कोई वास्तविक मंशा। यह पहली बार नहीं है जब राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ऐसी धमकियां मिली हैं। पिछले महीने 18 नवंबर को भी दिल्ली के द्वारका और प्रशांत विहार स्थित दो स्कूलों को ईमेल के ज़रिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके अलावा साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और पटियाला कोर्ट समेत तीन अदालत परिसरों को भी धमकी भरे संदेश मिले थे। उन सभी मामलों में भी गहन जांच के बाद कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी और धमकियां फर्जी निकलीं। इन घटनाओं के कारण सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और वर्तमान मामले को भी पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है।

## इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में तकनीकी खराबी से हड़कंप... रात भर से परेशान हो रहे यात्री

हैदराबाद(एजेंसी)। हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पर बीती रात से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में तकनीकी खराबी ने हड़कंप मचाया हुआ है। तकनीकी समस्या के कारण मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और दिल्ली के लिए उड़ानें प्रभावित हो गई हैं। इसके चलते करीब 1000 यात्री एयरपोर्ट पर लंबी प्रतीक्षा कर रहे हैं और उनकी यात्रा योजनाएं बाधित हो गई हैं। विशेष रूप से बेंगलुरु जाने वाली उड़ानें ज्यादा प्रभावित हुईं। मंगलवार-रात 2 बजे निर्धारित एक उड़ान को रनवे पर ही दो घंटे तक रोका गया। बढ़ती चिंता और तनाव के बीच यात्रियों को विमान से उतारकर एयरपोर्ट टर्मिनल में इंतजार करने के लिए कहा गया। सबसे बड़ी परेशानी उन यात्रियों को हो रही है जिन्हें विदेश जाने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी या वीजा इंटरव्यू के लिए विभिन्न शहरों का सफर तय करना था। एयरपोर्ट पर मौजूद इंडिगो कर्मचारी तकनीकी गड़बड़ी पर संतोषजनक जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। एक यात्री ने बताया, 'हमें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। खाने-पीने की कोई व्यवस्था भी नहीं हुई।' इंडिगो एयरलाइंस प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी खराबी की समस्या सामने आई है और जल्द से जल्द ठीक करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने यात्रियों से धैर्य रखने की अपील की और उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना देश के सबसे बड़े विमानन संचालकों में से एक के लिए चिंता का विषय है। इंडिगो को हाल के महीनों में तकनीकी विश्वसनीयता को लेकर कई बार आलोचना का सामना करना पड़ा है।




## यदि वक्फ की संपत्तियां छीनी गईं, तो मुसलमान चुप नहीं बैठेंगे: चौधरी

**-कबीर के बयान पर कहा मस्जिद पवित्र स्थान है, राजनीति का माध्यम नहीं**

**कोलकाता (एजेंसी)।** राज्य सरकार द्वारा केंद्र के नए वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को लागू करने की स्वीकृति देने के बाद पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। टीएमसी सरकार में मंत्री और जामिया उलेमा-ए-हिंद पश्चिम बंगाल शाखा के अध्यक्ष सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि वक्फ की संपत्तियां छीनी गईं, तो मुसलमान चुप नहीं बैठेंगे। चौधरी ने केंद्र पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एसी कमरे में बैठकर बहुत बातें की जा सकती हैं, लेकिन क्या कोई गांव में जाकर लोगों से कह सकता है कि वक्फ संपत्ति अब उनकी नहीं रही? यह फैसला मुसलमानों पर जबरदस्ती थोपा गया है। हम इसे नेक नीयत से उठाया गया कदम नहीं मानते। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महीनों तक इस कानून को लागू करने से इनकार किया था, लेकिन पिछले सप्ताह पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र के निर्देश मानते हुए राज्य की 82,000 वक्फ संपत्तियों का विवरण 5 दिसंबर तक केंद्र के पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश दिया है।

चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार पहले कुछ और सोच रही थी। अब सीएम ममता बनर्जी कुछ और सोच रही होंगी। वक्फ संपत्तियां बेहद अहम हैं। आगे क्या होगा, हम नहीं जानते, लेकिन लड़ाई लंबी और कठिन होगी। हमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद निर्माण वाले बयान पर चौधरी ने कहा कि यह कदम बेहद संवेदनशील है और इससे अवांछित तनाव पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक नेता ने ऐसी बातें कही हैं, जिससे लोगों के मन में कई सवाल उठे हैं। हम कोई भी काम बिना सोचे-समझे नहीं करते। मस्जिद एक पवित्र स्थान है, राजनीति का माध्यम नहीं।

# दो दिन बाद मौसम लेगा करवट: पड़ेगी हाड़ कंपाने वाली ठंड, कई इलाकों में भारी बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आने वाले दो दिनों में मौसम करवट लेने जा रहा है। जिसके चलते दिल्ली-एनसीआर में हाड़ कंपाने वाली ठंड की आहट सुनाई दे रही है। भारत मौसम विज्ञान ने चेतावनी जारी की है कि आने वाले दिनों में हाड़ गलाने वाली ठंड के साथ कोहरा भी कहर बरपाएगा। वहीं दक्षिण भारत में तमिलनाडु समेत कई राज्यों में भारी बारिश की भी चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों में पारा तेजी से नीचे आएगा और शीत लहर का प्रकोप और बढ़ेगा। दिल्ली में न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 7.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और कोहरे की चादर ने दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अपनी आगोश में ले लिया है। आईएमडी ने 5 दिसंबर को शीत लहर की चेतावनी दी है जिसके साथ न्यूनतम पारा गिरकर 6 डिग्री तक जा सकता है। दिसंबर का पहला दिन 5.7 डिग्री के साथ अभी तक का सबसे सर्द दिन रहा था। मौसम विभाग का कहना है कि 5 दिसंबर से मौसम फिर बदलेगा और गलाने वाली ठंड का अहसास राजधानी के लोगों को हो सकता है।



दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की मार कम नहीं हुई है। आनंद विहार और चांदनी चौक जैसे इलाकों में एक्यूआई लगातार 400 के पार बना हुआ है। चूंकि दिल्ली-एनसीआर में अभी बारिश के कोई आसार नहीं हैं इसलिए वायु प्रदूषण से फिलहाल राहत मिलने के संकेत नहीं हैं। 6 दिसंबर से कोहरा और घना होने की चेतावनी जारी की गई है। मेटियोरोलॉजी एंड क्लाइमेट चेंज के हेड महेश पलावत का कहना है कि अगले 1-2 दिनों में तापमान में तेज गिरावट आएगी। दिसंबर के दूसरे हफ्ते से शीत लहर का दौर शुरू होगा जिससे ठिठुरन का अहसास बढ़ेगा। कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के नए दौर के साथ दिल्ली-एनसीआर में शीत लहर का असर बढ़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हिमालय के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी के आसार हैं।

### तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तमिलनाडु के आसपास विक्षोभ बन रहा है। चक्रवात दित्वाह भी कमजोर होते हुए दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी तमिलनाडु तथा पुडुचेरी से होते हुए आगे बढ़ रहा है। नेल्लोर, कडलोर से लेकर चेन्नई जैसे तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

# महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े स्थलों पर नहीं जाएंगी मायावती

**-बसपा सुप्रीमो ने कहा- उनकी सुरक्षा के चलते लोगों को होती है परेशानी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े स्थलों पर न जाकर अपने निवास स्थान पर या पार्टी कार्यालय में ही श्रद्धा सुमन अर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की छह दिसम्बर को पुण्यतिथि है। इसके पहले बुधवार को उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े स्थलों पर जाने पर उनकी (यानी मायावती) की सुरक्षा के व्यवस्था के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से उन्होंने यह तय किया है कि अब उन स्थलों पर नहीं जाएंगी। निवास स्थान या कार्यालय पर ही श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर उनके कारवां को आगे बढाने का संकल्प लेंगे ताकि बसपा के नेतृत्व में उनके आत्म सम्मान और स्वाभिमान का मूवमेंट सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करके मंजिल की ओर आगे बढ़ा जा सके।



मायावती ने पोस्ट में लिखा-'जैसा कि सर्वविदित है कि यूपी में मेरे नेतृत्व में चार बार बनी बसपा सरकार के दौरान 'बहुजन समाज' में समय-समय पर जन्मे उन महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों में भी ख़ासकर महात्मा ज्योतिबा फुले, राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायणा गुरु, परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम आदि को कई रूपों में भरपूर आदर-सम्मान दिया गया है, जिनकी जातिवादी पार्टियों की रही सरकारों में यहां हमेशा उपेक्षा की गई व उनका तिरस्कार भी किया जाता रहा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि इस क्रम में परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर पश्चिमी यूपी को छोड़कर, यूपी में पार्टी के लोग व उनके अनुयायी मेरे निर्देशानुसार आगामी 6 दिसम्बर को लखनऊ के विशाल एवं भव्य डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में और पश्चिमी यूपी, दिल्ली व उत्तराखण्ड स्टेट के लोग नोएडा में स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में अपने परिवार सहित भारी संख्या में पहुंचकर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे और उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर उनके कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लेंगे ताकि बसपा के नेतृत्व में उनके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का मूवमेन्ट सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके मंज़िल की ओर आगे बढ़ सके। धन्यवाद।

# राज्यसभा में हलाल सर्टिफिकेशन पर हुई गर्मा-गरम बहस

**-मांस के अलावा दूध, चीनी, तेल और सीमेंट पर भी सवाल**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा में हलाल सर्टिफिकेशन को लेकर गर्मा-गरम बहस हुई। महाराष्ट्र से भाजपा सांसद डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने कहा, हलाल केवल मांस से संबंधित एक धार्मिक और आस्था-संकेतित प्रक्रिया है, लेकिन इसके दायरे को कई अन्य पदार्थों तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मांस के अलावा दूध, चीनी, तेल और यहां तक कि सीमेंट, प्लास्टर और अन्य निर्माण सामग्री को भी हलाल सर्टिफिकेट दिया जा रहा है, जो अतार्किक और आशंकाओं को पैदा करने वाला है।



भाजपा सांसद डॉ. कुलकर्णी ने कहा, कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां विभिन्न आस्थाओं के लोग रहते हैं। हलाल सर्टिफिकेशन केवल मुस्लिम आस्था से जुड़ा विषय है, लेकिन इसे अन्य लोगों पर थोपने से उनके धार्मिक विश्वासों का उल्लंघन होता है। उन्होंने कहा, हिंदू और सिख समुदाय के लोग हलाल मांस नहीं खाते, ऐसे में उनके लिए हलाल प्रमाणित मांस अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सही नहीं है।

सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि हलाल सर्टिफिकेशन देने वाली संस्थाओं द्वारा चार्जेस लगाए जाने से बाजार में कीमतें बढ़ती हैं और उपभोक्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से इसका भुगतान करना पड़ता है। उन्होंने इसे उपभोक्ता स्वतंत्रता और बाजार पारदर्शिता के लिए हानिकारक बताया। डॉ. मेधा ने मेडिकल अध्ययनों का हवाला देते हुए यह भी दावा किया कि हलाल प्रक्रिया से मांस में कुछ ऐसे रासायनिक तत्व उत्पन्न होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मांस पर हलाल सर्टिफिकेशन केवल सरकारी निकाय द्वारा दिया जाए, न कि किसी धार्मिक संस्था द्वारा। उनका यह भी कहना था कि गैर-मांस खाद्य पदार्थों और गैर-खाद्य वस्तुओं पर हलाल सर्टिफिकेशन देने का कोई आधार नहीं है और इससे धर्मनिरपेक्षता और संविधान के सिद्धांतों का उल्लंघन होता है। सांसद ने कहा कि इस तरह के कदम से उपभोक्ताओं की स्वतंत्रता बाधित होती है और सामाजिक रूप से मतभेद बढ़ सकते हैं।

# अवैध घुसपैठिए भारत में किसी कानूनी अधिकार के हकदार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैध रूप से देश में घुसे प्रवासी और घुसपैठिए भारत के किसी भी कानूनी अधिकार के हकदार नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने यह टिप्पणी पांच रोहिंग्या अवैध प्रवासियों की गुमशुदगी से जुड़ी हैबियस कॉर्पस याचिका की सुनवाई के दौरान की। ये रोहिंग्या हिरासत में लिए जाने के बाद से लापता बताए जा रहे हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने रोहिंग्याओं को शरणार्थी कहकर संबोधित किया, जिस पर सीजेआई ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अदालत मानवीय आधार पर ही इनके मामले को देख रही है, लेकिन इससे उनका कानूनी दर्जा ÷शरणार्थी÷ नहीं हो जाता। सीजेआई ने तल्ख लहजे में पूछा, पहले आप अवैध तरीके से सीमा पार करते हैं - सुरंग खोदकर या बाड़ कूदकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब मैं आ गया हूं, तो मुझे भोजन, आश्रय, बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। क्या हम कानून को इतना खींचकर तोड़ना चाहते हैं?

प्रधान न्यायाधीश ने आगे कहा कि एक बार अवैध प्रवासी भारत में दाखिल हो जाते हैं, तो वे तुरंत संसाधनों पर दावा ठोकने लगते हैं। लेकिन भारत के अपने लाखों गरीब नागरिक हैं, जिनका इन सीमित संसाधनों पर पहला हक है, न कि अवैध घुसपैठियों का। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हिरासत में किसी भी अवैध प्रवासी को यातना नहीं दी जा सकती। मानवीयता का तकाजा है कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार न हो। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि देश का हर नागरिक, खासकर पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में रहने वाले लोग, अवैध घुसपैठ की गंभीरता को समझते हैं। पीठ ने 2005 के ऐतिहासिक सरबानंद सोनोवाल मामले का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने तब असम में बांग्लादेशी घुसपैठ को बाहरी आक्रमण की श्रेणी में रखा था और केंद्र को अनुच्छेद 355 के तहत राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता हैबियस कॉर्पस की आड़ में सरकार से डिपोर्टेशन प्रक्रिया, विदेशी सरकारों से बातचीत और गोपनीय सरकारी फाइलों की जानकारी मांग रहे हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर निर्धारित करते हुए सभी संबंधित रोहिंग्या मामलों को एक साथ जोड़ने का फैसला किया।

इससे पहले मई 2024 में जस्टिस सुर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली में रह रहे रोहिंग्या प्रवासियों के संभावित निर्वासन पर अंतरिम रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्विस और प्रशांत भूषण ने दलील दी थी कि म्यांमार लौटने पर रोहिंग्याओं का नरसंहार हो सकता है, इसलिए उन्हें भारत में रहने का अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने साफ कहा कि भारत में कहीं भी रहने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। विदेशी नागरिकों का नियमन विदेशी अधिनियम के तहत ही होगा।



रोहिंग्या मुद्दा लंबे समय से विवादास्पद रहा है। म्यांमार की सेना इन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिया मानती है और नागरिकता देने से इनकार करती है। 2017 के बाद बड़े पैमाने पर उत्पीड़न से बचकर लाखों रोहिंग्या पहले बांग्लादेश और फिर वहां से भारत के विभिन्न हिस्सों, खासकर जम्मू, दिल्ली, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पहुंचे। भारत इन्हें शरणार्थी का दर्जा देने से लगातार इनकार करता रहा है।

# गोविंद नगर में भाई की धमकियों और पैसों की मांग से परेशान अधेड ने फांसी लगाकर दी अपनी जान, सुसाइड नोट में बड़े भाई को ठहराया मौत का जिम्मेदार

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गोंविद नगर में एक अधेड़ ने अपने घर की छत पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक के परिजनों को पता चल गया जैसे-तैसे अधेड़ को फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए, वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही आत्महत्या से पहले मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें उन्होंने अपने बड़े भाई पर पैसे की मांग पर प्रताड़ित करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद मृतक के बेटे ने सुभाष नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । मृतक के पुत्र अनिल ने बताया कि मैं नाइट ड्यूटी के लिए तैयार होने के लिए



घर की छत पर ऊपर गया तब गेट बंद दिखा तो मैंने खिड़की से जाकर तो मेरे पिता सुभाष चंद्र फंदा लेकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे थे। तब मैंने चिल्लाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं रुके।

जिसके बाद में पास में ही स्थित निर्माणधीन मकान के रास्ते ऊपर पहुचा और फांसी के फंदे से लटकते हुए उन्हें बचाने की कोशिश की। जिसके बाद में उन्हें अपने पड़ोसी की गाड़ी से अस्पताल लेकर गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेरे पिता के बड़े भाई प्रहलाद राय शर्मा मेरे पिता को नाजायज रूप से रुपए को लेकर कुछ समय से परेशान कर रहे थे और लगातार धमकी भी दे रहे थे जिसके कारण मेरे पिता मानसिक तनाव में थे और इसी कारण मेरे पिता ने आत्महत्या करने का यह कदम उठाया है और उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा है जिसमें उन्होंने यह सारी घटना बताई हैं। मैं चाहता हूं कि मेरे पिता के बड़े भाई प्रह्लाद राय शर्मा के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

# खायडा में युवक ने रस्सी का फंदा गले में डाल लगाई फांसी

परिजन चाय के लिए उठाने गए तो कमरे में लटका हुआ मिला युवक, पुलिस जुटी जांच में

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सदर थाना क्षेत्र के खायडा में एक युवक ने अपने ही कमरे में रस्सी का फंदा गले में डाल कर फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह जब परिजन युवक को चाय के लिए उठाने गए तो युवक कमरे में रस्सी के सहारे झूलता हुआ दिखा । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू की । सदर थाने के हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह जरिए टेलीफोन पुलिस को सूचना



मिली कि थाना क्षेत्र के खायडा में एक युवक ने फांसी लगा ली।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की वीडियोग्राफी ओर फोटोग्राफी करवाकर शव को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।मृतक के परिजनों ने बताया कि बुधवार रात को प्रकाश खाना खा कर अपने कमरे में सोने चला गया, सुबह जब वो चाय पीने बाहर नहीं आया तो हम उसे बुलाने कमरे में गए,जहां वो रस्सी के सहारे फंदे से झूलता मिला। थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस का कहना है कि युवक ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया है यह अभी सामने नहीं आ पाया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डी मार्ट को घटिया केरी बैग के 6 रुपये लेने के बदले उपभोक्ता को देने होगे पांच हजार रुपये...

## न्यायालय ने दिया आदेश

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



न्यायालय जिला उपभोक्ता मंच, भीलवाड़ा ने डी मार्ट को खराब व घटिया क्वालिटी के केरी बैग को 6 रुपये में बचने के उपभोक्ता अनामिका सुवालका के आरोप को स्वीकार करते हुए कुल पांच हजार रुपये अदा करने का आदेश डी मार्ट को दिया। परिवादी के अधिवक्ता मुकेश सुवालका ने बताया कि उपभोक्ता परिवादी अनामिका सुवालका निवासी जवाहर नगर भीलवाड़ा ने डी मार्ट भीलवाड़ा से सामान खरीदने के बाद उनको रखने के लिए एक केरी बैग भी डी मार्ट से खरीद किया था जिसकी क्वालिटी इतनी बेकार व घटिया थी कि सामान रखते वह क्षतिग्रस्त हो गया।

न्यायालय ने परिवादी के अधिवक्ता मुकेश सुवालका के तर्कों, दलीलों और पत्रावली पर प्रस्तुत साक्ष्यों का विवेचन करते हुए माना कि प्रकट कारण व परिस्थितियों में प्रतीत हो रहा है कि विपक्षी द्वारा परिवादी से कैरी बैग की राशि वसूलने के पश्चात् भी परिवादी को खराब कैरी बैग दिया, जिससे कैरी बैग परिवादी के किसी उपयोग का नहीं रहा। विपक्षी का उक्त कृत्य सेवादोष की श्रेणी में आता है। अतः परिवादिया का परिवाद विपक्षी के विरूद्ध स्वीकार किया जाकर विपक्षी से परिवादिया को अनुतोष दिलवाना हम न्यायोचित समझते हैं। न्यायालय ने डी-मार्ट एवेन्यु सुपरमार्ट लिमिटेड़, डी-मार्ट., प्लॉट नम्बर 1, सेक्टर 4, सुखाडिया सर्किल, अजमेर रोड भीलवाड़ा को आदेश दिया परिवादी को कुल पांच हजार रुपए दो माह में अदा करे।

# बामणिया की 2000 बीघा जमीन 25 लाख में बेची

## मुख्य आरोपी अब भी फरार

स्मार्ट हलचल

**रायला।** बनेड़ा तहसील की ग्राम पंचायत बामणिया की 2000 बीघा राजकीय भूमि से पंचायत प्रशासक रेखा चेचानी, प्रशासक प्रतिनिधि अशोक चेचानी ने अवैध तरीके से बिना नीलामी प्रक्रिया कराए बम्बूल को हफीज मोहम्मद निवासी निंबाहेड़ा कलां को 25 लाख रुपए में बेच दिया। गांव वालो को भ्रमित करने के लिए कहा गया कि नीलामी प्रक्रिया की गई हैं। हाल ही में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मिली कि की भी नीलामी प्रक्रिया नहीं की गई।

ग्रामवासियों ने 15 नवंबर को बनेड़ा थाने में परिवाद दर्ज करवाया



और 21 नवंबर को जिला कलेक्टर को मामला पेश किया।

जांच प्रक्रिया में तहसीलदार बनेड़ा, पटवारी बामणिया और गिरदावर बामणिया को दोषी मानकर 16 सीसी कार्यवाही की गई। साथ ही पटवारी और भू अभिलेख निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया।

जिला परिषद द्वारा जांच प्रक्रिया में ग्राम पंचायत प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारी को दोषी पाया गया परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। बनेड़ा थाने में दर्ज परिवाद की जांच में प्रथम दृष्टता संजय अपराध पाया गया इसलिए 303(2) की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। परन्तु आज दिन तक मुख्य अपराधी हफीज मोहम्मद पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। आज ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग की ग्राम पंचायत बामणिया प्रशासक रेखा चेचानी को बर्खास्त किया जाए। साथ ही जिला अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होकर मांग रखी मुकदमा संख्या 151 के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जाए।

# महिला कर्मचारी ने अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप, थाने में दी रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल| बिजौलिया

शिक्षा विभाग की एक महिला कर्मचारी ने बिजौलिया ब्लॉक एजुकेशन ऑफिस के अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर छेड़खानी, अभद्र व्यवहार और धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस थाना बिजौलिया में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार अधिकारी बदतमीजी करते हैं, अपशब्द कहते हैं और शिकायत करने पर धमकी देते हैं। लगातार परेशान होने के कारण उसने पुलिस में रिपोर्ट दी है। वहीं सीबीईओ मालीराम यादव ने बताया कि उन्हें भी महिला कर्मचारी का शिकायती




पत्र प्राप्त हुआ है, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। दिशा निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपों को लेकर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल शर्मा का कहना है कि वो पिछले 2-3 दिनों से अवकाश पर हैं। उन्होंने आरोपों पर अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि मैंने कभी किसी के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया है।

# हरजीपुरा ग्राम को उमाजी का खेड़ा पंचायत में जोड़े जाने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

बिजौलिया तहसील के राजस्व ग्राम हरजीपुरा के ग्रामीणों ने प्रशासनिक पुनर्गठन में किए गए बदलाव पर नाराजगी जाहिर करते हुए गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से हरजीपुरा ग्राम पंचायत गोपालपुरा के अधीन रहा है, लेकिन हाल ही में किए गए पंचायत पुनर्गठन में इसे गोपालपुरा से हटाकर ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा में जोड़ दिया गया, जो ग्रामीणों के हितों के विपरीत है। ग्रामीणों ने बताया कि हरजीपुरा से



ग्राम पंचायत गोपालपुरा की दूरी मात्र 700 मीटर है, जबकि उमाजी का खेड़ा करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में छोटे-बड़े कार्यों के लिए दूरस्थ पंचायत में जाना उनके लिए समय, धन और श्रम की अतिरिक्त बर्बादी का कारण बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उमाजी का खेड़ा गांव उनके आवागमन मार्ग में नहीं आता और वह अपेक्षाकृत एकांत क्षेत्र में स्थित है, जिससे ग्रामीणों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि 7 अप्रैल 2025 को जारी अधिसूचना में हरजीपुरा को किसी अन्य पंचायत में जोड़ने संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यह बदलाव बिना उचित भौगोलिक अध्ययन और जनसुविधा को ध्यान में रखे किया गया प्रतीत होता है। ज्ञापन के माध्यम से समस्त ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि हरजीपुरा को पुनः उसकी पूर्व स्थिति में रखते हुए ग्राम पंचायत गोपालपुरा में ही यथावत शामिल किया जाए।

# पिकअप की टक्कर से महिला की मौत, वाहन जब्त



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

बिजोलिया थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई महिला की मौत पिकअप द्वारा टक्कर मारने से हुई । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा और पिकअप वाहन को जब्त करते हुए जांच शुरू की । जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की छोटी बिजोलिया में 55 वर्षीय बादाम देवी पत्नी जयलाल मीणा खेत से अपने घर लौट रही थी तभी तेज रफ्तार पिकअप ने महिला को टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई महिला को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां हालत नाजुक होने पर उसे भीलवाड़ा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड दिया । पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौप दिया और पिकअप को जब्त कर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के तहत 179 किलो पॉलीथिन जब्त किए



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राज्य सरकार के आदेशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के क्रय, भण्डारण व विक्रय की रोकथाम हेतु पालिका क्षेत्र में स्थित बाजार में स्थानीय विक्रताओं के वहां आकाष्मिक छापा मारकर कुल 179.00 किलो पौलीथीन केरी बेग जब्त किये।बाजार में जाकर दुकानदारों से राशि 3000.00 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। जिसमें पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता के नेतृत्व में कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षक हेमन्तदत्त पौण्डरिक, कार्यरत जमादार विकास घूसर, गंगासागर, कालूलाल,उत्तम घूसर व कुशल आदि द्वारा मौके रहे। इस बारे में व्यापारियों ने समझाईश की व ग्राहकों को अपने साथ कपड़े का थेला साथ लाने हेतु आग्रह किया ।आयुक्त रिंकल गुप्ता ने अपील की प्लास्टीक कैरी बेग का उपयोग नही किया जाकर कपड़े/जुट के थैले का उपयोग किया जावें।

# गिव अप' अभियान : भीलवाड़ा में रेकार्ड 2 लाख 24 हजार 705 लोगों ने किया एनएफएसए लाभ का त्याग

## 31 दिसम्बर 2025 तक गिव अप नहीं करने पर होगी कार्यवाही

स्मार्ट हलचल| भीलवाडा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया 'गिव अप अभियान' रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भीलवाड़ा जिले ने इस अभियान में अव्वल रहते हुए अबतक 2 लाख 24 हजार 705 लोगों से 'गिव अप' करवाकर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि ईकेवाईसी के माध्यम से 76 हजार 587 लोग भी एनएफएसए योजना से हटे हैं। इस प्रकार कुल 301292 अपात्र लोगों को एनएफएसए योजना से हटाया गया। इन अपात्र लोगो के हटने से 248555 पात्र किन्तु वंचित लोगों को एनएफएसए योजना में जोड़ने में जिले को सफलता मिली है। एक ओर जहां एनएफएसए योजना से हटाये लोगों पर वहन होने वाली खाद्य, गैस, बीमा, चिकित्सा सब्सिडी से बचत होगी वहीं दूसरी ओर नये एनएफएसए लाभार्थियों को इन चार योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

'गिव अप' योजना के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकर दाताओं तथा 01 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने एनएफएसए लाभ का त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। 'गिवअप' अभियान ने समाज में जागृति पैदा की है एवं लोग भारी संख्या में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन 'गिव अप' कर सामाजिक कर्त्तव्य का निर्वहन कर मिसाल कायम कर रहे हैं।

इस अभियान में समाज के हर वर्ग के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं सोशियल, प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में यह योजना 31 दिसम्बर 2025 तक के लिए है। 31 दिसम्बर 2025 तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 01 जनवरी 2026 से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूँ की दर से खाद्यान्न वसूली की जायेगी।

# बनेड़ा में खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा छिड़कते वक्त युवक की बिगड़ी हालत

## अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** बनेड़ा में खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करते वक्त कीटनाशक की जहरीली गैस से एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू की । बनेड़ा थाने के अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बनेड़ा निवासी राजू पिता रामप्रसाद भोई उम्र 28 वर्ष दिनांक 2 दिसंबर मंगलवार को शाम करीब 5 बजे अपने खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था इसी दौरान कीटनाशक की जहरीली गैस से अचानक युवक की हालत बिगड़ गई ।युवक को



परिजन तुरंत इलाज के लिए पहले बनेड़ा अस्पताल ले गए,जहां युवक की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल में बुधवार रात युवक ने इलाज के दौरान दम तोड दिया।

थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अधिवक्ता से मारपीट और धमकी पर अभिभाषक संस्था का विरोध

आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

भीलवाड़ा । अधिवक्ता राकेश चंद्र भाम्भी के साथ हुई मारपीट और बाद में दी गई धमकी को लेकर जिले की अभिभाषक संस्था ने सख्त नाराजगी जताई है। संस्था के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव से मुलाकात कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना के अनुसार 1 दिसंबर को आजाद नगर निवासी श्यामलाल गुर्जर और उसके बेटे राघव ने रुपयों के लेनदेन को लेकर अधिवक्ता राकेश भाम्भी के साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट प्रतापनगर थाने में दर्ज कराई गई। मुकदमा दर्ज होने से नाराज श्यामलाल ने अपने दो से तीन लोगों को भेजकर कोर्ट परिसर में अधिवक्ता को धमकाने की कोशिश भी कराई। इन घटनाओं से आक्रोशित जिला अभिभाषक संस्था ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए मुल्ज़िमों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग रखी।

# बिना नीलामी 4000 वर्ग फीट सरकारी जमीन बेचने का आरोप,ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** ग्राम पंचायत मंगरोप में सरकारी भूमि के आवंटन में कथित अनियमितताओं का गंभीर मामला सामने आया है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत प्रशासन ने हमीरगढ़ रोड स्थित पुराने पंचायत कार्यालय के पीछे लगभग 4000 वर्ग फीट बेशकीमती सरकारी भूमि बिना किसी नीलामी प्रक्रिया के ही बेच दी,जिससे पंचायत को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।ग्रामीणों के अनुसार उक्त भूमि को'अपनी बचत घर योजना एवं महिला सहकारी समिति'के नाम पर मात्र औपचारिक कागजी कार्यवाही पूरी कर रियायती दर पर आवंटित कर दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि पूरा मामला इतनी गोपनीयता से किया गया कि गांव में किसी को इसकी जानकारी तक नहीं लग पाई।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि महिला सहकारी समिति को पूर्व में ही बड़लियास रोड स्थित कब्रिस्तान के पास राज्य सरकार द्वारा गोदाम निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि आवंटित की जा चुकी थी।इसके बावजूद दूसरी सरकारी भूमि को दोबारा समिति को बेचना नियमों के विरुद्ध है।बताया जा रहा है कि जिस जमीन का विक्रय किया गया,उस पर जलदाय विभाग के पुराने क्वार्टर बने हुए थे,जिनमें विभागीय उपकरण रखे जाते थे।विभाग का कार्य ठेके पर जाने के बाद



इन क्वार्टरों का उपयोग कम हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले इन क्वार्टरों को धीरे-धीरे खुर्द-बुर्द किया गया और बाद में भूमि को चुपचाप बेच दिया गया।ग्राम पंचायत अधिनियम के प्रावधानों में स्पष्ट उल्लेख है कि पंचायत स्वामित्व वाली किसी भी भूमि को बेचने से पूर्व सार्वजनिक नीलामी अनिवार्य है,ताकि पारदर्शिता रहे और पंचायत को अधिकतम राजस्व मिले।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंगरोप पंचायत ने इन नियमों को नजरअंदाज करते हुए चहेतों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है।ग्रामीणों ने एक माह पूर्व इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से की थी।शिकायत के बाद जिला मजिस्ट्रेट न्यायलय ने विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश जारी किए थे।लेकिन ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य अभी भी पूरी तरह नहीं रुका है,जिससे लोगों में रोष है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में सरकारी जमीन की कमी पहले से ही बनी हुई है।उदाहरण के तौर पर पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड करने की प्रक्रिया चल रही है,लेकिन भूमि अभाव के कारण यह सम्भव नहीं हो पा रहा है।ऐसे में उपलब्ध सरकारी जमीन बेच देना विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि पिछले कई सालों से पंचायत क्षेत्र में भूमि आवंटन में अनियमितताएँ लगातार सामने आती रही हैं,जिनकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है।ग्राम विकास अधिकारी विनोद सोनी ने बताया कि भूमि को'अपनी बचत घर योजना एवं महिला सहकारी समिति' को पंचायत नियमों के अनुसार रियायती दर पर बेचा गया है तथा सभी दस्तावेज पंचायत कार्यालय में सुरक्षित हैं।ग्रामीणों ने यह भी प्रश्न उठाया कि वर्तमान में पंचायत में प्रशासक नियुक्त है,क्योंकि सरपंच का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में प्रशासक द्वारा वार्ड पंचों व स्थानीय लोगों को बिना सूचना दिए भूखंड आवंटन कैसे जारी है? ग्रामीणों के अनुसार प्रशासक एकतरफा निर्णय नहीं ले सकता।ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी,जिला प्रशासन व राज्य सरकार से इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।उनका कहना है कि ऐसा न होने पर भविष्य में भी सरकारी भूमि के दुरुपयोग की पुनरावृत्ति हो सकती है।

# रायला थाने में नए थानाधिकारी मूलचंद ने संभाली कमान

स्मार्ट हलचल

**रायला।** रायला में पुलिस निरीक्षक मूलचंद ने गुरुवार को रायला पुलिस थाने में विधिवत रूप से जॉइनिंग दी। वे पहले बनेड़ा थाने में पदस्थापित थे, जहां से उनका स्थानांतरण होकर उन्हें रायला भेजा गया है। जॉइनिंग के साथ ही थाने में अधिकारी-कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। थानाधिकारी मूलचंद ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता आमजन का भरोसा जीतना और अपराधियों में कानून का भय कायम करना रहेगा। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का निष्पक्ष समाधान किया जाएगा तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक, युवाओं में अपराध प्रवृत्ति और गांवों में छोटी-मोटी आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने की बात भी कही। मूलचंद ने कहा कि पुलिस और जनता के सहयोग से किसी भी क्षेत्र की कानून-व्यवस्था मजबूत होती है, इसलिए वे जनसहभागिता को बढ़ावा देंगे। स्थानीय लोगों ने नए थानाधिकारी से उम्मीद जताई है कि उनके कार्यभार संभालने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा लंबित मामलों में भी तेजी आएगी।

# मंगरोप में बुनियादी सुविधाओं का गहरा संकट:450 वर्ष पुराना गांव पहचान खोने की कगार पर

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** करीब साढ़े चार सदियों से कस्बे की पहचान रहे धार्मिक स्थल अब बदहाली के शिकार हो रहे है देखरेख के अभाव में जर्जर होने की कगार पर है मंगरोप ग्राम पंचायत आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां उसे सिर्फ नेतृत्व नहीं,बल्कि प्रबल, सशक्त और दूरगामी सोच वाले प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत है।पिछले पच्चीस वर्ष से गांव शिक्षा,चिकित्सा, सड़क,जल, स्वच्छता और धार्मिक स्थलों सहित अनेक मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझता आ रहा है।ग्रामीणों का मानना है कि वर्षों से चली आ रही समस्याओं पर प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल न होने से गांव का विकास ठहर गया है।



## हिन्दू श्मशान घाट की बदहाल स्थिति

गांव में अंतिम संस्कार स्थल की स्थिति अत्यंत दयनीय है।उचित चबूतरा,पेयजल, छाया, खस्ताहाल रास्ता जिसपर बरसात में शवयात्रा ले जाना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने इसे गांव की सबसे गंभीर और संवेदनशील समस्या बताते हुए तुरंत सुधार की मांग की है।

## 20 वर्षो से सीएचसी की मांग अधूरी

मंगरोप में आज भी ग्रामीण एक बेसिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय लोग पिछले दो दशकों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग कर रहे हैं,लेकिन फाइलें आज भी धूल खा रही हैं।गांव की बढ़ती जनसंख्या,दुर्घटनाओं और बीमारी के मामलों में प्राथमिक उपचार भी समय पर नहीं होता है,जिसके चलते मरीजों को 25 किलोमीटर दूर जिला चिकित्सालय जाना पड़ता है।कई गंभीर मामलों में देरी जानलेवा साबित हो चुकी है।

## प्राचीन मंदिर और धार्मिक धरोहरें उपेक्षा की मार झेल रही हैं

मंगरोप की पहचान उसकी 450 वर्ष पुरानी सनातन विरासत है,जिसमें कई प्राचीन मंदिर,देवस्थान शामिल हैं।मगर इनका संरक्षण नहीं होने से ढांचों में दरारें,टूट-फूट और अव्यवस्थाएं बढ़ गई हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह न केवल सांस्कृतिक घाटा है,बल्कि पर्यावरण और गांव की पहचान के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।

## शिक्षा व्यवस्था में निरंतर गिरावट

गांव में गुणवत्तापूर्ण विद्यालयों और संसाधनों का अभाव छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है।प्रयोगशाला,पुस्तकालय,खेल मैदान,स्मार्ट कक्षाएं-अधिकांश सुविधाएं कागजों में ही सीमित हैं।पूर्व में इस गांव की मिट्टी ने कई ऐसे सुरमा जने है जिन्होंने शिक्षा,चिकित्सा एवं कई बड़े प्लेटफॉर्म पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाकर मंगरोप कस्बे को उच्च शिखर तक पहुंचाया है।मंगरोप की सीनियर स्कूल से जानकारी है तबतक 387 शिक्षक बनकर निकले है जिनमें 27 शिक्षक खटीक समाज से है जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है कि किसी कस्बे से या किसी समाज के इतने शिक्षक एक ही स्कूल से बनकर निकले हो।इसे शिक्षकों का गांव भी माना जाता है।लेकिन पिछले 20 सालों से इस गति पर कुछ हद तक विराम लग चुका है अब इस स्कूल कुछ ही सफल होकर निकल रहे है बाकी अब तो अधिकतर फैक्ट्री वर्कर या मजदूर ही निकल रहे है।

## ग्रामीणों की आवाज:अब समय है निर्णायक कदमों का

गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी की एक ही मांग है कि– 'अब मंगरोप को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो गांव की समस्याओं को भविष्य की प्राथमिकता मानकर काम करे,न कि चुनावी वादों तक सीमित रहे। 'ग्रामीणों ने जिला प्रशासन,पंचायत समिति और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे श्मशान घाट के विकास, सीएचसी की स्वीकृति,धार्मिक स्थलों के संरक्षण और शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार को तात्कालिक प्राथमिकता दें।

# श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान ने किये जरूरतमंद बच्चों को 151 स्वेटर वितरित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान भीलवाड़ा के पदाधिकारियों द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धाकड़ खेड़ी 1 में 151 जरूरतमंदों को स्वेटर वितरित किये गये। प्रचार मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि सर्दी की अधिकता को देखते हुये संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा धाकड़ खेड़ा के सरकारी विद्यालय में ठण्ड से बचाव हेतु बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। स्वेटर प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे जो देखने लायक थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मून्द्रडा थे। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष महेश जाजू, नवीन झंवर चाँदमल राठी, संतोष शर्मा, शिवलाल शर्मा मौजूद रहे। मंच संचालन वशिष्ठ अध्यापक राधेश्याम व्यास ने किया। अंत मे प्रधानाचार्य महोडू रशाद आलम काजी द्वारा संस्थान का आभार प्रकट किया।

# स्कूली छात्रों की किए ऊनी वस्त्र भेंट



स्मार्ट हलचल| माण्डलगढ़

मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धाकड़ खेड़ी में श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान (सुंदरकांड मंडल) भीलवाड़ा के तत्वाधान में गरीब एवं अभावग्रस्त बालकों हेतु निशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य इरशाद आलम काजी, मुख्य अतिथि श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान अध्यक्ष राजेंद्र मुंदडा ने मां सरस्वती के माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप प्रधानाचार्य श्री भंवर लाल बाजिया ने सेवा संस्थान की टीम के सदस्यों का मेवाड़ी परंपरा अनुसार दुप्पटा एवं माला पहनकर स्वागत किया। संस्थान अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संस्थान का मुख्य उद्देश्य दिन दुखी एवं गरीबों की सेवा करना है जो हम 2006 से करते आ रहे हैं। जिसमें रक्तदान शिविर आयोजन, सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं। आज विद्यालय में कुल 151 गरीब बालकों को स्वेटर वितरण किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने संस्थान के द्वारा किए गए किए गए सहयोग के लिए समस्त संस्थान टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन राधेश्याम व्यास ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं अनेकों अभिभावक भी मौजूद रहे।

# यूआईटी की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया न्याय-प्रार्थना यज्ञ, शुक्रवार को होगी जनहित याचिका पर सुनवाई

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा । भीलवाड़ा में आइटी की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका की शुक्रवार को होने वाली सुनवाई से पहले गुरुवार को शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सत्य और न्याय की कामना के लिए न्याय-प्रार्थना यज्ञ किया गया।



यज्ञ में शहर के नागरिकों ओर युवाओं ने भाग लेकर प्रार्थना की कि लॉटरी प्रक्रिया से जुड़े सभी तथ्य माननीय न्यायालय के समक्ष स्पष्ट हों और सत्य की विजय सुनिश्चित हो। अदालत में प्रस्तुत सभी तथ्य पूर्णतः दस्तावेजों पर आधारित हैं और जनता की अपेक्षा बस इतनी है कि पारदर्शिता की जीत हो तथा जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ है उन्हें न्याय मिले। यज्ञ में शामिल नागरिकों ने बताया कि यह मामला हजारों लोगों की उम्मीदों से जुड़ा है और इसलिए लॉटरी प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना शहर के हित में अत्यंत आवश्यक है। वातावरण शांति, न्याय और सत्य की शक्ति से ओतप्रोत करने हेतु विशेष वैदिक मंत्रोच्चार किए गए। रितेश गुर्जर ने बताया कि एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, राघव कोठारी और पवन त्रिपाठी द्वारा हाईकोर्ट में दायर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन पर माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए स्टे आदेश जारी किया है। इस मामले की सुनवाई कल 5 दिसंबर को होनी है, जिसके लिए सभी ने न्याय और सत्य की स्थापना हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। यज्ञ में बनवारी गाडरी, पुखराज खटीक, नवीन गाडरी, राहुल कुमार, लोकेश, पूरण गाडरी, किशन भाट, हर्ष खाब्या, महेंद्र विश्नोई, आशीष झवर, चिराग, सौरभ माहेश्वरी, बबलू कुमार, बंटी पूरी, रजत आदि शामिल रहे। भैरूजी मंदिर के पुजारी मोहन बड़गुर्जर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी को आशीर्वचन दिए।

# रामधाम गौशाला में जीव दया कार्यक्रम आयोजित



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

महावीर इंटरनेशनल क्वींस ने जीव दया की भावना को चरितार्थ करते हुए शहर की प्रमुख रामधाम गौशाला में क्वींस अध्यक्ष किरण बाफना ने सौम्या जैन के जन्मदिवस अवसर पर गौसेवा कार्यक्रम कर गौशाला में मौजूद सैकड़ों गायों को गुड़ और चारा खिलाकर उनकी सेवा की और जीवों के प्रति करुणा का संदेश दिया। महावीर इंटरनेशनल की अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीज़न) मंजू पोखरना क्वींस संरक्षिका साधना भंडारी ने इस पहल के बारे में बात करते हुए कहा,की जीवों के प्रति दया और उनकी सेवा करना हमारे संगठन के मूल सिद्धांतों में से एक है। गाय की सेवा करना न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि मानवीय मूल्यों की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर इन बेजुबान जीवों की सेवा अवश्य करनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सदस्यों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हैं।सहमंत्री प्रीति सिंगावत ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौसेवा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जिसे भारतीय संस्कृति में एक पवित्र कार्य माना जाता है।

उपस्थित सदस्य

इस जीव दया कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल क्वींस की उपाध्यक्ष पिंकी सोनी, कार्यकारिणी सदस्य सुमता जैन, चांदनी वैष्णव, सपना जैन, अर्पिता जैन, मोनिका खारीवाल, विजया मेहता, सदस्य कल्पना पारख, अनुराधा झा,कनक लोढ़ा, प्रिया मेहता, ज्योति संचेती, आशा सांखला, गरिमा रांका, इंदु बंब, शीतल जैन, सुनीता कंकरेचा, अंकिता सहलोत, तन्वी कंकरेचा, तरुणा घीया, चन्द्रा सुराणा, सोनू बाबेल, ममता डागा, अंजू भंडारी, हंसा नागौरी, चंद्रकला जैन, राखी खमेसरा, जैन युवा संस्था के अध्यक्ष धर्म चंद बाफना, मंत्री पीयूष खमेसरा, विवेक पारख,टीकम खारीवाल, राजाराम जैन ने गोसेवा कर सेवा के इस पुण्य कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम के अंत में, क्वींस कोषाध्यक्ष पूजा जैन सह कोषाध्यक्ष वंदना पालीवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों और गौशाला प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर इस नेक कार्य में योगदान दिया।

# विधायक डॉ.बैरवा का किया अभिनंदन



स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

साहित्य सृजन कला संगम तथा संचिना कला संस्थान द्वारा शाहपुरा में लोक कवि श्री मोहन मण्डेला के नाम से बनने वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम तथा खेल अकादमी की बजट स्वीकृति और शीघ्र कार्यारंभ की पहल पर हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया गया। शाहपुरा में बहुप्रतीक्षित ऑडिटोरियम के निर्माण एवं लेआउट के बारे में डॉ. बैरवा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित ऑडिटोरियम जन अपेक्षाओं के अनुरूप बनेगा जिसमें सभी के सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे। साहित्य सृजन कला संगम के सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार डॉ.कैलाश मण्डेला ने हाल ही में हुए लोक कवि स्मृति अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में की गई घोषणा को मूर्त रूप देने हेतु समस्त कला साहित्य जगत की तरफ से आभार ज्ञापित किया तथा प्रस्तावित ऑडिटोरियम का नाम घोषणा के अनुरूप लोक कवि श्री मोहन मण्डेला के नाम से करने हेतु लिखित प्रस्ताव पत्र भी डॉ. बैरवा को प्रस्तुत किया। डॉ.मण्डेला ने इस महनीय कार्य की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए बताया कि यह ऑडिटोरियम शाहपुरा क्षेत्र के सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षिक, कला, सांस्कृतिक तथा मनोरंजन के कार्यक्रमों तथा क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने एवं प्रतिभा उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा। संचिना अध्यक्ष रंगकर्मी रामप्रसाद पारीक ने इसे ऐतिहासिक कार्य बताया। संचिना सचिव सत्येन्द्र मण्डेला ने शाहपुरा के विकास के सभी कार्यों में यहां के जागरुक नागरिकों का बिना किसी राजनीतिक प्रतिबद्धता के सहयोग लेने हेतु विधायक से अनुरोध किया जिसे उन्होंने स्वीकार किया। शाहपुरा शीघ्र जिला बनेगा इसके लिए भी डॉ.बैरवा ने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की तथा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों तथा आम जनता से हर सकारात्मक कार्य में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि कवि दिनेश बंटी, एस्ट्रोलोजर पं. सुनील भट्ट, सत्यव्रत वैष्णव, पत्रकार अनुज कांटिया, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# महुआ की दो समितियों में 920 यूरिया खाद के कट्टे वितरण, समिति के बाहर लगी लंबी कतार

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** महुआ-महुआ कस्बे सहित क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों की चिताएं बढ़ा दी है। रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही खेतों में सिंचाई के साथ ही यूरिया खाद की मांग बढ़ने लग जाती हैं।लेकिन पर्याप्त उपलब्धता न होने से किसानों को लगातार परेशान हो रहे हैं।इसी किल्लत के बीच बुधवार को कस्बे में ग्राम सेवा सहकारी समिति 460 यूरिया खाद के कट्टे आए और बिजोलिया क्रय विक्रय सहकारी समिति में 460 यूरिया खाद के कट्टे आए हैं और गुरुवार को अलसुबह से ही समितियों के बाहर खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।इसी दौरान कृषि विभाग के सहायक कृषिअधिकारी की मौजूदगी में यूरिया खाद वितरण किया गया।लेकिन फिर भी कई किसानों को खाद नहीं मिलने से निराश लौटना पड़ा।खाद की सूचना मिली और गुरुवार अलसुबह से ही बड़ी संख्या में किसान समिति के बाहर पहुंच गए।कुछ ही घंटों में स्थिति ऐसी हो गई कि बिजोलिया क्रय विक्रय सहकारी समिति के बाहर लंबी लाइने लग गई और किसानों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।जानकारी मुताबिक दोनों समितियों के बीच 920 यूरिया खाद के कट्टे खाद उपलब्ध कराए गए है।



जबकि खाद लेने पहुंचे किसानों को ग्राम सेवा सहकारी समिति में एक राशनकार्ड पर 2 कट्टे वितरण किया और बिजोलिया क्रय विक्रय सहकारी समिति में एक राशनकार्ड पर एक कट्टा वितरण किया गया।जब की खाद लेने पहुंचे किसानों की संख्या इससे कई अधिक रही ।समितियों के स्टॉक के कारण किसानों में निराशा भी देखी गई ।किसानों का कहना है कि रबी की फसल के महत्वपूर्ण चरण में ऐसे संकट का सामना करने से उत्पादन पर असर पड़ सकता हैं।उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए।मौके पर बड़ी संख्या में किसानों सहित महिलाए भी मौजूद रही।

# अवैध शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| बानसूर

निकटवर्ती ग्राम ग्वाडा के ग्रामीणों ने अवैध शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करतें हुए एसडीएम अनुराग हरित व जिला कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले काफी समय से गांव के पास अवैध शराब की बिक्री से माहौल बिगड़ रहा है। इससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और सामाजिक ताने-बाने पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। महिलाएं भी इस क्षेत्र से गुज़रते हुए स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। एसडीएम अनुराग हरित ने मामले में औरत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 जिला भीलवाडा शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल परीक्षा 10 दिसंबर को

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

कॉन्स्टेबल भर्ती 2025 जिला भीलवाडा की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल परीक्षा दिनांक 10.12.2025 को ग्रुप केन्द्र-प्रथम, सी.आर. पी.एफ. गोल्फ कोर्स रोड, अजमेर मे आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा मे उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल में सम्मिलित होने हेतु प्रवेष पत्र विभागीय वेब साईट www.police.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। लिखित परीक्षा मे उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपना ई-प्रवेष पत्र वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है, प्रवेष पत्र में शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा की दिनांक, समय, स्थान अंकित किया गया है।

अभ्यर्थी शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु अपना प्रवेष पत्र वैद्य पहचान पत्र एवं विज्ञप्ति 1360 दिनांक 09.04.2025 के बिन्दु संख्या 16 में वर्णितानुसार समस्त आवष्यक मूल प्रमाण पत्र व उनकी स्वप्रमाणित प्रति व प्रवेष पत्र मे दिये गये निर्देषानुसार समस्त प्रमाण पत्र साथ लेकर आयेगें तथा दक्षता परीक्षा दौड मे भाग लेने हेतु अभ्यर्थी राजकीय चिकित्सक द्वारा जारी शारीरिक रूप से फीट होने का प्रमाण पत्र साथ लेकर आयेगें।

# महिला खो-खो टीम को मिला 5वीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक

भीलवाड़ा जिला संघ के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने रेलवे स्टेशन पर किया सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद व राजस्थान खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में 5वीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में खो-खो खेल में भीलवाड़ा महिला टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। भीलवाड़ा जिला संघ के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने रेलवे स्टेशन पर सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया टीम में नीरू जाट, कमल जाट, सोनम जाट, काली कीर, कृष्णा शर्मा, चिन्नू कुमारी सेन, काजल धाकड़, भगवती तेली, मीना कुमावत, वर्षा कुमावत, काजल चौहान, कृष्ण शर्मा, खुशबू तेली, प्रीति दरोगा, रीता मीणा, चंदा माली व टीम कोच केसर सिंह बल्ला, सहायक कोच आरिफ मोहम्मद, टीम मैनेजर शांति माली का स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर मदन माली, राजकुमार सुवालका, श्रवण कुमार खटीक, सीताराम बसीटा, जितेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मी नारायण मेवाड़ा, रामप्रसाद गुवारिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बीगोद में आस्था का महाकुंभ, श्री गोपालजी मंदिर का जीर्णोद्धार व प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

## जल कलश यात्रा से गूंजा नगर, स्वर्ण कलश की स्थापना बनी ऐतिहासिक घड़ी, द्वि-दिवसीय विष्णुयाग महोत्सव व महाप्रसादी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले के बीगोद कस्बे में आस्था और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब लंबे समय से चल रहे श्री गोपालजी महाराज मंदिर के जीर्णोद्धार (नव निर्माण) उपरांत भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यह संपूर्ण आयोजन बजरंगलाल मथुरादास वैष्णव के द्वारा अभिजीत मुहूर्त में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

महोत्सव की शुरुआत अत्यंत मनोहारी जल कलश यात्रा के साथ हुई। सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए पवित्र जल के कलश सिर पर धारण कर नगर परिक्रमा निकाली। पूरे बीगोद में आस्था का ऐसा उमंगभरा वातावरण बना कि हर सड़क भक्ति के रंग में रंगी नजर आई।

नव-निर्मित बेवाण में सुशोभित श्री गोपालजी महाराज का विग्रह पूरे समारोह का केंद्र बिंदु बना। शोभा यात्रा में शामिल भक्तों की उमंग और श्रद्धा देखते ही बनती थी। यात्रा जब मंदिर परिसर पहुंची, तो जय-श्रीकृष्ण और गोपालजी महाराज के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

शुभ मुहूर्त में वेदपाठी आचार्यो के मंत्रोच्चारण के बीच श्री विग्रहों का सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। वैदिक विधानों के अनुसार सम्पन्न हुई नव-प्राण प्रतिष्ठा ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भक्तों ने इस पावन दृश्य का साक्षात्कार कर स्वयं को धन्य महसूस किया।



मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना इस दो दिवसीय पर्व का सबसे पवित्र और ऐतिहासिक क्षण साबित हुआ। जैसे ही स्वर्ण कलश स्थापित हुआ, वैसे ही पूरा परिसर उत्साह और उमंग के नारों से गूंज उठा। यह पल न केवल मंदिर प्रांगण के लिए, बल्कि समस्त बीगोद के लिए गौरव का विषय बन गया।

पूरे अनुष्ठान में शाहपुरा खान्या स्थित बालाजी मंदिर के महंत श्री रामदास त्यागी महात्मा तथा त्रिवेणी धाम के श्री नरोतमदास त्यागी महात्मा का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। दोनों संतों ने अपने आशीर्वचन में समाज को एकता, भक्ति, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया। उनके वचनों ने श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा और भक्ति भाव का संचार किया।

जीर्णोद्धार एवं प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ आयोजित द्वि-दिवसीय विष्णुयाग महोत्सव की पूर्णाहुति वैदिक विधियों के साथ सम्पन्न हुई। विशाल महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। सेवा भावना से ओतप्रोत इस आयोजन ने सामुदायिक सद्भाव को और प्रगाढ़ किया।

श्री गोपालजी मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार, पुनः मूर्ति स्थापना, शिखरोपरी स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा और विष्णुयाग महोत्सवकृइन सभी ने मिलकर बीगोद में ऐसा आध्यात्मिक उत्सव रचा, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ भी गर्व से याद करेंगी। भक्तों के सहयोग, समिति की समर्पित भावना और आयोजकों के प्रयासों ने इस ऐतिहासिक क्षण को और भी उज्ज्वल बना दिया। मंदिर का नव रूप अपने पूरे वैभव के साथ अब भक्तों के लिए खुल चुका है। यह केवल जीर्णोद्धार नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और आध्यात्म का पुनर्जागरण है।

# लेकसिटी में अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का समापन

## गुरुवार को कायकिंग और केनोइंग की अंतिम दौर की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, अद्वितीय खेल भावना की सीख लेकर लौटे प्रतिभागी

स्मार्ट हलचल| उदयपुर




लेकसिटी को इस वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीन खेलों के आयोजन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली थी जिसका गुरुवार को समापन हुआ। विगत 25 नवंबर से तीन चरणों मे अंतर्राष्ट्रीय मानकों एवं सुविधाओं के साथ आयोजित इस प्रतियोगिता में जुडो, बीच वॉलीबॉल एवं कायकिंग एवं केनोइंग प्रतियोगिताओं में करीब 60 विश्वविद्यालयों के 400 से अधिक महिला एवं पुरुष एथलीट्स ने भाग लिया। आयोजन प्रभारी अधिकारी एवं यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि सभी सहयोगी विभागों और संस्थानों का सराहनीय योगदान रहा जिससे शहर की ख्याति के अनुरूप खेल जगत का ये बड़ा आयोजन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान मेहमान खिलाड़ियों ने भी पूर्ण अनुशासन का परिचय देते हुए अद्वितीय खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

**गुरुवार के परिणाम**

गुरुवार को कायकिंग - केनोइंग प्रतियोगिताओं तीसरे एवं अंतिम दिन फतहसागर की पाल पर अंतिम दौर की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उदयपुर ग्रामीण विधायक फुल सिंह मीणा, समाजसेवी गजपाल सिंह, पंकज बोराणा, देवीलाल सालवी, सीमा चम्पावत,खुश्बु मालवीया,भगवान वैष्णव, देव-स्थान विभाग उपायुक्त गितेश श्री मालवीय, भारतीय कायकिंग केनोइंग संघ के महेश पीपलकर सहित परिषद के प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि गुरुवार को 200 मीटर में पुरुष वर्ग कायकिंग-सिंगल्स में निंगोबम मंजीत मीटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को स्वर्ण पदक, विशाल गोस्वामी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को रजत पदक, किरण सुखदास सिंदे, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर यूनिवर्सिटी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। केनोइंग सिंगल्स में मिथुन मधु, यूनिवर्सिटी ऑफ केरल को स्वर्ण पदक, अंकित, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को रजत पदक, हेम्म रोजीत सिंह, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ को कांस्य पदक मिला।

कायकिंग डबल्स में के. याईफाटोबी देवी, आचल कचरू साहरे, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को स्वर्ण पदक, कुलसुम, पुष्पा यादव, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ को रजत पदक, आचल सोनकर, भूमि सोनकर, गुरूकाशी यूनिवर्सिटी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। केनोइंग डबल्स में सलम चौबा, देवी सौभम सन्तोम्बी देवी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को स्वर्ण पदक निकी, अनु, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ को रजत पदक; अनुष्का सन्तोष, अम्बेडकर संस्कृति सोमनाथ सिंदे, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को कांस्य पदक मिला। कायकिंग फोर में दीपक, मैरेम्बम लचेन्बा सिंह, निगथोजम न्गबा सिंह, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को स्वर्ण पदक, रवीन्द्र कुमार, सुमीत देबास, विकास, लान्थोईबा पोत्सांगबाम, गुरूकाशी यूनिवर्सिटी को रजत पदक, गुनके करण राजू, अकिवाटे स्वान्नद सजय, बुयेकर आमे उमेश, सासने श्रीसरथ, शशीकांत, शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोलापुर को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

### औपचारिक कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

फतहसागर पाल पर आयोजित औपचारिक समापन कार्यक्रम में पुरुष और महिला विजेताओं की जनरल चौम्पियनशिप ट्रॉफी जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल एवं राजस्थान कायकिंग-केनोइंग संघ सचिव दिलीप सिंह चौहान द्वारा प्रदान की गई। महिला वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी विजेता एवं पंजाब यूनिवर्सिटी, उपविजेता प्रथम, गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर उपविजेता द्वितीय रही। पुरुष वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी विजेता, गुरूकाशी यूनिवर्सिटी उपविजेता प्रथम एवं यूनिवर्सिटी ऑफ केरल उपविजेता द्वितीय रही। खेलो इंडिया की ओर से कम्पीटीशन मैनेजर मुकेश शर्मा द्वारा जिला प्रशासन, संघ, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद एवं अन्य सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया गया।

# प्राकृतिक नाले को शंभूपुरा पंचायत ने गिट्टी डालकर भर दिया, ग्रामीणों ने तहसीलदार को सोंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | ओम जैन



**शंभूपुरा।** ग्राम पंचायत शंभूपुरा का एक ओर कारनामा सामने आया जिसमे प्राकृतिक बरसाती नाले को भर देने से किसानों के खेत मे पानी भरने जैसी हरकत के बाद ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप उचित कार्यवाही की मांग की।

जानकारी में सामने आया कि ग्राम पंचायत शंभूपुरा द्वारा पाटनिया गांव में एक प्राकृतिक बरसाती नाले को आदित्य सीमेंट फेक्ट्री से भराव मंगवाकर उसे भर दिया गया, जिससे अब बरसाती पानी किसानों के खेतों में जाने से फसलें चौपट करने का ग्राम पंचायत ने अनोखा अंदाज निकाला है, ग्रामीणों ने पूर्व में भी ग्राम पंचायत को ऐसा नही करने का निवेदन किया था लेकिन तानाशाह ग्राम पंचायत ने अपनी मन मर्जी से ऐसा करते हुए नाले को भर दिया जिससे वह अवरुद्ध हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने चित्तौड़गढ़ तहसीलदार को ज्ञापन सौंप पुनः नाला खुलवाने ओर ग्राम पंचायत को पाबंद करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

# चिकित्सा जगत में फर्जीवाड़ा: तीन डॉक्टर गिरफ्तार

## विदेश से एमबीबीएस, भारत में FMGE में फेल... फिर 16 लाख में खरीदे नकली सर्टिफिकेट



स्मार्ट हलचल | जयपुर

एसओजी ने एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर मामले का भंडाफोड़ करते हुए मेडिकल सिस्टम में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि विदेश से मेडिकल की डिग्री लेने के बाद भारत में अनिवार्य फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास न करने वाले तीन व्यक्तियों को फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### कैसे हुआ फर्जीवाड़े का पर्दाफाश

एडीजी बंसल ने बताया कि एसओजी को सूचना मिली थी कि डॉ0 पियूष कुमार त्रिवेदी निवासी दौसा ने FMGE परीक्षा में बार-बार असफल होने के बावजूद एक आपराधिक गिरोह की मदद से फर्जी FMGE सर्टिफिकेट तैयार करवा लिया। इसी फर्जी प्रमाणपत्र के दम पर उसने एनएमसी से इंटर्नशिप की अनुमति प्राप्त की और उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज, करौली में इंटर्नशिप के लिए आवंटन भी मिल गया था। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एसओजी ने प्रकरण दर्ज कर गहन जांच शुरू की।

### 16 लाख में खरीदे फर्जी दस्तावेज़

जांच में सामने आया कि आरोपी डॉ0 पियूष ने जॉर्जिया से एमबीबीएस की डिग्री ली थी, लेकिन भारत में प्रैक्टिस करने के लिए अनिवार्य FMGE परीक्षा में वह 2022, 2023 और 2024 में लगातार तीन बार असफल रहा। बार-बार फेल होने पर उसने अपने परिचित डॉ0 देवेन्द्र सिंह गुर्जर से संपर्क किया। देवेन्द्र ने अपने साथी डॉ0 शुभम गुर्जर एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पियूष को 16 लाख के बदले फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट और एनएमसी रजिस्ट्रेशन दिलवाया।

एसओजी की गहन जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि यह गोरखधंधा केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं था। डॉ0 शुभम गुर्जर ने खुद भी फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट के आधार पर राजीव गांधी अस्पताल, अलवर में और डॉ0 देवेन्द्र सिंह गुर्जर ने भी इसी गिरोह के माध्यम से नकली प्रमाणपत्र प्राप्त किया और राजकीय मेडिकल कॉलेज, दौसा में अपनी इंटर्नशिप पूर्ण की।

### आगे की कार्रवाई: नेटवर्क की खोज

एसओजी ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों डॉ0 पियूष, डॉ0 शुभम और डॉ0 देवेन्द्र को न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा प्राप्त की जा रही है। एसओजी अब इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक जाने की तैयारी में है। जांच का दायरा फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट तैयार करने वाले मुख्य नेटवर्क, इसमें शामिल बिचौलियों और फर्जी डिग्री के आधार पर इंटर्नशिप कर चुके अन्य डॉक्टर्स की पहचान पर केंद्रित है। एसओजी ने साफ किया है कि मेडिकल सेक्टर की पवित्रता और आमजन की सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# नहरी पानी में पहुंचने में बांधा, प्रशासन की ग़लती किसान क्यों भुगते

### बड़ाखेड़ा माइनर का मामला

स्मार्ट हलचल| लाखेरी



उपखंड के लबान क्षेत्र में नहरों में जलप्रवाह से पूर्व विभाग द्वारा नहरों की साफ सफाई व मरम्मत करवाने का खामियाजा अब टेल के किसानों को भुगतना पड़ रहा है, माइनरों के सीपेज व ओवरफ्लो होने से फसलों में पानी भर रहा है, तो जल स्तर कम करते ही माइनरों की टेल में पानी नही पहुच पा रहा है। मामला के पाटन ब्रांच की बड़ाखेड़ा द्वित्तीय माइनर का है जिसमे जल प्रवाह शुरू करने से पूर्व माइनर में उगे खरपतवार व झाड़ झाँकड को हटा कर सफाई नही करवाई गई जो अब माइनर में जल प्रवाह के आगे बढ़ने में अवरुद्ध बनी गई है। टेल में पानी पहुचने के लिये माइनर में जल स्तर को बढ़ाते ही माइनर ओवरफ्लो होने से पानी किनारे के खेतों में भरने की आशंका बनी हुई है तो वही जल स्तर को यदि कम रखते है तो टेल में पानी नही पहुचं पा रहा है। ऐसे ही कापरेन ब्रांच की डपटा माइनर में भी जलप्रवाह शुरू करने से पूर्व जे सी बी से मिट्टी नही डालने से सीपेज होकर नहरी पानी खेतो में भर चुका है, यहां भी यही जल स्तर को कम करते है तो टेल के किसानों को पानी मिलना मुश्किल है। ऐसे में विभाग की लापरवाही का परिणाम किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बड़ाखेड़ा के किसान महावीर, हेमराज मीणा, रत्न लाल लबान के किसान मुरलीधर, रामावतार, अशोक मीणा व देईखेड़ा के किसान तुलसीराम गुर्जर डपटा के छोटूलाल मीणा, जुगराज मीणा ने बताया कि बार बार मांग करने पर भी विभाग ने किसानों की मांग व माइनरों की मरम्मत व साफ सफाई पर समय रहते ध्यान नही दिया और अब किसान परेशान है।

किसानों ने समस्या से अवगत करवाया है, जल प्रवाह से पूर्व भी कनिष्ठ अभियंता को मशीन से कार्य करवाया है और अब जानकारी में आने पर किसानों की समस्या का समाधान करेंगे टेल में समय रहते पानी पहुचाने के शत प्रतिशत प्रयास है।

**नमोनारायण मीणा,** अधिशाषी अभियन्ता सी ए डी के पाटन

# सात दिवसीय श्री राम सप्ताह पूर्णाहुति में उमड़े ग्रामीण

स्मार्ट हलचल । सुनेल



चछलाव की पावन धरा पर सात दिवसीय श्री राम सप्ताह अखंड धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति गुरुवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब दस हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

सुबह पूजा अर्चना व अभिषेक के बाद विश्व शांति यज्ञ की बोली बाबूलाल चौधरी ने लगाई। इसके बाद वैदिक मंत्रोपचार के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी गई। तत्पश्चात बालाजी महाराज की महाआरती कर भोग लगाया गया। बालाजी महाराज की प्रतिमा का आकर्षक श्रंगार किया गया जिनके दर्शनों को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उसके बाद मंदिर समिति व ग्रामीण बालाजी मंदिर से जुलूस के रूप में भंडारे स्थल तक पहुंचे। वहां करीब दस हजार की तादाद में श्रद्धालुओं ने बालाजी की प्रसादी ग्रहण की। इसके लिए मंदिर समिति व ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया। मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया । जिसमें आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के लोग खरीदारी करने पहुंचे। मेले में बर्तन कपड़े खिलौने मनिहारी खाने पीने के समान झूले चकरी आदि की दुकानें थी। इससे पूर्व बुधवार को बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से बैंड बाजे ढोल नगाड़ों के साथ होती हुई बालाजी मंदिर पर संपन्न हुई इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी। बैंड की सुमधुर भजनों पर लोग भाव विभोर होकर नृत्य करते नजर आए। लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

### 68 साल से चली आ रही है परंपरा

श्री राम सप्ताह धार्मिक आयोजन की परंपरा 68 वर्षों से अनवरत चली आ रही है । पहली बार ग्रामीणों के सहयोग से इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत की गई । इसके बाद से यह लगातार जारी है। इस आयोजन में पूरे गांव का सहयोग रहता है। सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्सव का माहौल रहता है। चछलाव की धरा पर श्री हनुमानजी महाराज का मंदिर शोभायमान हैं, पश्चिम में अनादि शक्ति, दुर्गा सहचण्डी भगवती पूर्व में अनादि देव महाकाल राजा शिव परिवार सहित विराजमान है। यहां सच्चे मन से कामना करने से मनोरथ पूर्ण होते हैं।

### करीब 7 दशक से जल रही हैं अखंड ज्योति

सरपंच प्रतिनिधि कमलेश भील, पूर्व सरपंच बरदी लाल पाटीदार, जनपद प्रतिनिधि एवं बीजेपी मंडल अध्यक्ष कमलेश पाटीदार, पुजारी प्रकाश भील ठाकुर पूरीलाल भील ठाकुर, पवन नागर, कौशल गुप्ता आदि ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में 68 साल से बालाजी की अखंड ज्योति जल रही है । जोत में तेल,घी की व्यवस्था श्रद्धालुओं द्वारा बिना कहे ही हो जाती है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इस ज्योत के दर्शन मात्र से जीवन में सभी कष्ट दूर हो जाते हैं. मन को शांति मिलती है. यही कारण है कि राजस्थान एवं मध्यप्रदेश से भक्त यहां पहुंचते है।

# महिला ने ससुराल जनों पर लगाया पति की हत्या का आरोप

स्मार्ट हलचल| सूरौठ

कस्बा सूरौठ निवासी एक महिला ने अपने ससुराल जनों पर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए करौली एसपी से न्याय की गुहार की है। महिला ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि ससुर के बिल्ला की बिक्री में मिले रुपयों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में ससुराल जनों ने उसके पति की हत्या कर दी तथा बिना पोस्टमार्टम के शव का दाह संस्कार कर हत्या के सबूत को नष्ट कर दिया है। एसपी के निर्देश पर टोडाभीम पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बा सूरौठ की हाल निवासी एवं टोडाभीम थाने के गांव शहराकर की मूल निवासी महिला लक्ष्मी राणा ने एसपी को ज्ञापन सौप कर अवगत कराया कि उसकी शादी 30 अप्रैल 2021 को टोडाभीम तहसील के गांव शहराकर निवासी अजय राणा के साथ हिंदू रीति रिवाज के हिसाब से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल जन उससे दहेज में पांच लाख रुपए एवं मोटरसाइकिल की मांग करते थे तथा आए दिन प्रताड़ित करते थे। 30 मार्च 2024 को प्रार्थीया के पति अजय कुमार राणा ने मारपीट कर गर्भवती हालत में उसे घर से बाहर निकाल दिया तभी से वह सूरौठ स्थित अपने पिता मुकेश राणा के पास रह रही हैं। 18 अगस्त 2024 को लक्ष्मी की पीहर में ही डिलेवरी हुई तथा एक बच्चे को जन्म दिया। एसपी को बताया गया कि प्रार्थीया का ससुर नरेश कुमार नई दिल्ली में बिल्ला धारी कुली था। करीब एक साल पहले ससुर नरेश कुमार ने अपने बिल्ले को करीब 30 - 35 लाख रुपए में बेचा था। आरोप लगाया गया कि इसी राशि के बंटवारे के विवाद को लेकर ससुर नरेश, जेठ राहुल, देवर विजय एवं सास पुष्पा ने 21 सितंबर 2025 को षडयंत्र पूर्वक उसके पति अजय राणा की हत्या कर दी तथा किसी जांच व पोस्टमार्टम करवाए बिना ही अजय के शव को जला दिया। ससुराल जनों ने हत्या के सबूतों को भी नष्ट कर दिया। इसकी जानकारी जब प्रार्थीया लक्ष्मी को मिली तो पीहर पक्ष के परिवार जनों एवं अन्य पड़ोसियों के साथ वह ससुराल शहराकर गई तो ससुराल जनों ने प्रार्थियों को घर में नहीं घुसने दिया। इस मामले में करौली एसपी ने टोडाभीम थाना पुलिस को मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। टोडाभीम पुलिस ने महिला लक्ष्मी राणा के बयान दर्ज कर लिए हैं। बेबा लक्ष्मी ने टोडाभीम पुलिस की ओर से बयान लेने के बावजूद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर रोष जताया हैं तथा अबिलंब गिरफ्तारी की मांग की है।

# लोकसभा अध्यक्ष के जन्मदिन कहार समाज का रक्तदान शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल| कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिन को कहार समाज के युवा व महिलाओं ने रक्तदान महोत्सव के रुप में मनाया गया शिविर संयोजक व हाड़ौती के युवा नेता श्लेष कहार ने बताया की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिन के अवसर पर कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के चेयरमैन हरिकृष्ण बिरला की प्रेरणा से कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा विकास मंच के तत्वावधान में मंच के प्रदेशाध्यक्ष व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव हरिनंद कहार के नेतृत्व में रक्तदान शिविर रखा गया जिसमें समाज के युवा एवं महिलाओं ने बढ़चढ़कर ब्लड डोनेट किया

### 271 युनिट ब्लड इकट्ठा हुआ

इस अवसर पर रक्तदान शिविर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की धर्म पत्नी डॉ अमिता बिरला व कोटा उपभोक्ता भंडार के चेयरमैन हरिकृष्ण बिरला व मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार ने ब्लड देने वाले युवा एवं महिलाओ व समाज बंधुओं से मुलाकात की और सभी को धन्यवाद दिया

इस अवसर पर मंच के प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फूलचंद कहार एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट, उपाध्यक्ष कैलाश कहार, जिलाध्यक्ष हरिमोहन कहार, छात्रावास अध्यक्ष राजेश सिकरवाल, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री राजेन्द्र कहार, पार्षद हरजीत केवट, राजेश प्रिंसिपल, प्रेम शंकर मीणा प्रिंसिपल, कोषाध्यक्ष चेतन मलिया, मीडिया प्रभारी दानमल कहार, दुर्गेश कहार, ओमप्रकाश केवट, देवेन्द्र केवट, धनराज केवट, बनवारी केवट, रघु केवट, दिनेश राणा, सुमित सैनी, अजय सैनी, लुभान कहार,सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल तिवारी, संजोग रिसोर्ट के निदेशक विजय मितल, मुकेश केवट, मनोज केवट, हरमीत कश्यप, प्रभात कश्यप, ओम शंकर कहार, देवकीनंदन कहार, दिनेश कश्यप, राधेश्याम कहार, दिपांशु कहार, दशरथ, बनवारी केवट, हरि शंकर, प्रहलाद कहार, त्रिलोक कहार, पृथ्वी राज कहार,गोपाल लाल, विजय केवट आदि मोजूद थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने देहात जिलाध्यक्ष भानु प्रताप के नेतृत्व मे किया विशाल प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** ब्लॉक कांग्रेस सांगोद द्वारा आज पूर्व मंत्री भरत सिंह जी कुंदनपुर की धर्मपत्नी श्रीमती मीना कुमारी के ऊपर एसीबी में दर्ज झूठे मुकदमे को लेकर कांग्रेस देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह जी के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया गया और पंचायत समिति कार्यालय के सामने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर सांगोद विधानसभा कांग्रेस प्रभारी विक्रम स्वामी जी मौजूद रहे। इससे पहले सभी कांग्रेस कार्यकर्ता नसिया जी बाईपास पर इकट्ठा हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए गांधी चौराहे से होते हुए पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए देहात कांग्रेस जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह जी ने कहा कि भारत सिंह जी जैसे ईमानदार छवि के नेता की पत्नी के ऊपर जो आरोप लगाया गया है वह एक राजनीतिक साजिश है और झूठा मुकदमा है भरत सिंह जी ने हमेशा ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य किया है उन्होंने सार्वजनिक कार्यों के लिए अपनी निजी संपत्ति भी दान की है ऐसे नेता पर मुकदमा लगाने की हम निंदा करते हैं और मुकदमा वापस लेने की मांग करते हैं। अन्यथा आगे भी और बड़ा प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों को खाद एवं बिजली तो उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। और जनता को परेशान करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी कर रही है और जनता का खून चूस रही है। उन्होंने कहा कि मीना कुमारी के ऊपर दर्ज झूठा मुकदमा वापस नहीं लिया तो बार-बार आंदोलन किया जाएगा। विधानसभा प्रभारी विक्रम स्वामी जी ने कहा कि ऐसे ईमानदार नेता इनका पूरा प्रदेश सम्मान करता है उनके ऊपर झूठा मुकदमा लगाना पूरे क्षेत्र की जनता का अपमान है। ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद ने कहा कि पूर्व सरपंच मीना कुमारी जी के ऊपर जो भी मुकदमे लगाए गए हैं फर्जी और झुंठे हैं इन्हें तुरंत वापस लिया जाए। अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर आकर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएगा।

महिला देहात जिला अध्यक्ष गायत्री मीणा, एस. सी. प्रकोष्ठ देहात जिला अध्यक्ष परसराम बैरवा, नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत ने भी संबोधित किया आज के प्रदर्शन में पूर्व प्रधान ओमप्रकाश शर्मा, सिमलिया कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा, कुंदनपुर मंडल अध्यक्ष देवलाल गुर्जर, बपावर मंडल अध्यक्ष विशालमीणा, सांगोद मंडल अध्यक्ष ऋषिराज मीणा, कमोलर मंडल अध्यक्ष विशाल तिवारी, कनवास मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सोनी, धुलेट मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कनवास नगर अध्यक्ष रघुनंदन गौतम, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष निरंजन योगी, ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव मदन मोहन नागर, महिला ब्लॉक अध्यक्ष दृष्टि सुमन, महिला देहात महासचिव लक्ष्मी मीणा, सांगोद प्रभारी जगदीश नागर, जिला कांग्रेस सचिव अफसार प्रधान, युवा कांग्रेस जिला महासचिव सिद्धार्थ सुवालका, पूर्व जिला परिषद सदस्य कमल खटीक, रामराज यादव, परशुराम अबिद, पदेश समन्वय युवा कांग्रेस आशीष गोचर, शांतिलाल सुमन, बृजमोहन रेगर, ऋषिराज जादम, अंकुश शर्मा, इब्राहिम अंसारी सत्यप्रकाश शर्मा, प्रेम शर्मा कपिल लोदवाल भोजराज गुर्जर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सी.पी. नागर महावीर नायक, मनोज गौतम, मुकेश मीणा पालकिया, चमन बख्श, एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकता मौजूद रहे।

# 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल| बानसूर

किडनैपिंग और फिरौती मांगने के गंभीर मामले में आठ महीने से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी अमन मीणा निवासी बानसूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर परिवादी का अपहरण कर बंधक बनाने, मारपीट करने और अवैध रूप से रुपये मांगने का आरोप था। वृत्ताधिकारी मेघा गोयल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को दबोचा। लंबे समय से फरार अमन मीणा की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही हैं।

# कस्बे में हो रहा है धड़ल्ले से अवैध अतिक्रमण

## भूमाफिया ने भूमि पर कब्जा करके फर्जी रजिस्ट्री कर बेचने का आया मामला सामने

## उपखंड अधिकारी बोले फर्जी रजिस्ट्री के मामले में होगी कठोर कार्यवाही



स्मार्ट हलचल । सुनेल

सुनेल में धड़ल्ले से जगह-जगह अवैध अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। भू माफिया के द्वारा कस्बे में जहां भी बेशकीमती जमीन को खाली देखा जा रहा है वहां पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं कस्बे के भवानी मंडी मार्ग, झालरापाटन मार्ग, पिड़ावा मार्ग की मुख्य सरकारी व निजी जमीनों को भू माफिया के द्वारा अवैध कब्जा करके निर्माण किया जा रहे हैं लेकिन प्रशासन के द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कही न कही इनका प्रशासनिक अधिकारी ओर कर्मचारियों से गठजोड़ है जिसके चलते इनके हौसले ओर भी बुलंद होते जा रहे हैं यही नहीं अब तो भू माफिया के द्वारा राजस्थान आवासन मंडल कॉलोनी के खाली पड़े प्लॉट व पार्किंग की रिजर्व जगह पर भी कब्जे किये जा रहे हैं। हालत यह है कि अब तो सुनेल में खाली प्लाटों की फर्जी रजिस्ट्री करके बेचने के मामले भी सामने आने लगे हैं ।

### सुनेल तहसील व ग्राम पंचायत ने भी किया फर्जीवाड़ा-

भूमि खसरा नम्बर 3264/1256 के रकबा 1 बिस्वा दौलतराम के खाते दर्ज हाने एवं कृषि भूमि होने पर भी उप पंजीयन सुनेल ने रिकार्ड व मोके कि जांच किए बिना ही खातेदार कि सहमति व हस्ताक्षर लिए बिना दर्ज रकबे से भी अधिक भुमि का गैर कानूनी रूप से क्रेता व विकेता से साठ- गांठ कर दिनांक 13 फरवरी 2025 की अवैध रजिस्ट्री कर दी है ग्राम पंचायत सुनेल ने भी अवैध रूप से कृषि भूमि से अवैध रूप से भूखण्डीय पट्टा जारी कर दिया है जबकि ग्राम पंचायत केवल उसके खाते कि आबादी भूमि पर ही पट्टा जारी कर सकती है।

### आवासन मंडल कॉलोनी में हो रहे अवैध कब्जे-

राजस्थान आवासन मंडल कॉलोनी के बेशकीमती प्लॉट एवं पार्कों पर भूमाफियाओं के द्वारा अतिक्रमण किए जा रहे हैं। हर कोई इनका मालिक बन बैठा है। जानकारी के अनुसार सुनेल तहसील के सामने हाउसिंग बोर्ड का बेशकीमती प्लॉट खाली पड़ा हुआ है जिसका मालिक कोई और बनाकर इस जगह पर अवैध रूप से गुमटियां रखवाकर किराया वसूल कर रहा है। यही नही नए बस स्टैंड से आगे पार्क पर कब्जा कर अवैध गैस रिफलिंग का व्यवसाय भी कर रहा है।

**ये कहना है अधिकारियों का-**

एसडीएम पिड़ावा दिनेश मीणा ने बताया कि फर्जी रजिस्ट्री की एक शिकायत आई है जिसमे प्रथम दृष्टिया देखने मे आया है कि इस भूमि की कागजो में हेरा फेरी कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री की गई है इसकी जांच कर कठोर कार्यवाही की जाएगी। हाउसिंग बोर्ड के एक्सईएन पीपी गर्ग ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर जहां भी अतिक्रमण व कब्जे हो रहे हैं उनको जल्द ही हटवाया जाएगा। फर्जी रजिस्ट्री का मामला अगर हाउसिंग बोर्ड के प्लॉट में होगा तो उसे पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ऐसे खुला फर्जी रजिस्ट्री का स्कैम-

सुनेल निवासी श्याम लाल व्यास ने उपखंड अधिकारी पिड़ावा को शिकायत दर्ज कराई की उनके पिता स्व. दौलतराम व्यास की संपूर्ण भूमि जिसका रकबा 17 बीघा 4 बिस्वा था सन् 1963 के गजट प्रकाशन द्वारा राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा अवाप्त की गई है। उक्त भूमि मे से 6 बिस्वा भूमि जिसमे से 1256/1 रकबा 02 बिस्वा तथा 1254/1 रकबा 4 बिस्वा संभागीय आयुक्त के निर्णय सन् 1997 द्वारा दौलतराम के नाम आती है। मोहम्मद सगीर पिता अन्दुल अजीज निवासी सुल्तानपुरा पिड़ावा द्वारा सन् 1981 थी पुरानी रजिस्टी में हेरफेर कर के खसरा नम्बर 3264/1256 की 1 बिस्वा भूमि का बेचान शेख मोहम्मद हाशिम पिता शेख हलीम निवासी गोरखन नाथ मंदिर पचपहाड को कर रजिस्टीय करवा दी है शेख हाशिम द्वारा भी इस प्लाट का फर्जी पटटा व नक्शा आबादी बनाकर अन्य को बेचान कर दिया है।

# वरिष्ठ अध्यापक ने विद्यालय को किये 51000 रुपये दान



स्मार्ट हलचल । दूनी/टोंक

रा.उ.मा.विद्यालय चंदवाड में वरिष्ठ अध्यापक प्रेमचंद बैरवा ने अपनी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय व विधार्थी हित में 51000 रुपये का दान किया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य रसपाल गुर्जर ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में संस्कृत विषय के वरिष्ठ अध्यापक प्रेमचंद बैरवा का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें बैरवा ने विद्यालय में फर्नीचर की आवश्यकता को देखते हुए विद्यालय को 21 टेबल-स्टूल के सेट्स दान के साथ-साथ ही सभी विद्यार्थियों के लिए कृष्ण भोग भी आयोजित किया है इस अवसर पर चंदवाड सरपंच प्रतिनिधि हेमराज मीणा, पूर्व सरपंच राजू मीणा, भामाशाह हरिराम मीणा, दिनेश गुर्जर, विद्यालय के उप प्राचार्य अजीत तलहेटिया, रामसागर मीणा, वरिष्ठ अध्यापक संजय मीणा, प्रकाश नागर, सहाब लाल मीणा, रामखिलाड़ी मीणा, राजेंद्र, माहुर, महावीर देवतवाल, बहादुर मीणा, महेंद्र बैरवा, राजूलाल बलाई, नोरती देवी, कीर्तिका गौतम, सुरेश देवतवाल, भागीरथ कुम्हार आदि उपस्थित रहे।

# बैठक में 14 श्रमिक संगठनों ने किया नई श्रम संहिताओं का स्वागत

## अब दिल्ली में नेशन लेबर एम्प्लॉयमेंट समिट की भी तैयारी, जल्द होगी तारीख की घोषणा

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** देश के 14 श्रमिक संगठनों ने विस्तृत विचार विमर्श के बाद हाल ही में देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं का जोरदार स्वागत किया है।

अवगत कराते चलें कि इस संदर्भ में देश के 14 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच कॉन्फेडरेशन ऑफ़ सेंट्रल ट्रेड यूनियन (कंसेंट) की राष्ट्रीय वर्चुअल बैठक भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने की। देश के प्रमुख संगठनों के शीर्ष प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में हाल में ही देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बी.एम.एस. के महामंत्री रविन्द्र हिमते एवं कंसेंट के राष्ट्रीय संयोजक एवं एन. एफ. आई.टी.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल द्वारा संचालित इस बैठक में बी.एम.एस. के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने सभी संगठन के प्रतिनिधियों को एक्शन प्लान के बारे में मार्गदर्शन दिया।

इस बैठक में मुख्या रूप से बी.एम.एस तथा एन.एफ.आई.टी.यू. के प्रतिनिधियों के साथ-साथ टी.यू.सी.सी. के महासचिव एस.पी. तिवारी, हच.एम.के.पी. से राकेशमणि पाण्डेय, ए.आई.बी.ई.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण गिरी, फॉरवर्ड सीमेंस यूनियन ऑफ इंडिया के (एफ.एस.यू.आई.) के महासचिव कैप्टेन अतुल इंदुरकर, एच.एम.के.यू. के महासचिव इन्द्रदेव मेहतो, आई.एन.टी.यू.सी. के महासचिव के.के. तिवारी ,सचिव रजनीश सेठ, ई-श्रम कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव शरत नाहक, कश्मीर लेबर यूनियन के अध्यक्ष मो. अशरफ गनी, भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के महासचिव डॉ. परिमल कान्ति मॉडल, नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशरी वर्कर्स के महासचिव एन. बालामुरुगन, फाइट फॉर राईट के संयोजक एडवोकेट उमंग बंसल, एन. एफ. आई.टी.यू. के महासचिव डॉ. विराट जायसवाल, सचिव सुनील कुमार और राकेश मालवीय शामिल हुए।

बैठक में इन सभी 14 श्रमिक संगठनों ने एकमत होकर कहा कि चारों नए लेबर कोड का लागू होना देश के श्रमिक वर्ग के लिए एक ऐतिहासिक, परिवर्तनकारी और अत्यंत आवश्यक सुधार है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के संकल्प और प्रयासों का ही परिणाम है। बैठक में सभी संगठनों ने यह भी कहा कि नए श्रम कानून देश के करोड़ों श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं, प्रवासी मजदूरों तथा गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षा मानकों और अधिकारों की मजबूत गारंटी प्रदान करेंगे। प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय को सही मायने में श्रमिकों की जीत बताते हुए यह भी तय किया गया कि सभी संगठन देशभर में श्रमिकों और युवाओं तक नए कानूनों की सही, सरल और तथ्यात्मक जानकारी पहुँचाने के लिए ना केवल एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएँगे बल्कि इसके अंतर्गत ग्राउंड लेवल पर जाकर, सेमिनार, कार्यशालाएँ, नुक्कड़ नाटक, चौपाल, जनसभाएँ और जागरूकता अभियानों का भी आयोजन करेंगे। बैठक में सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर के युवा श्रमिकों से सीधे जुड़ने की रणनीति पर भी सहमति बनी और यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई कि कंसेंट के सभी 14 राष्ट्रीय संगठनों, नियोक्ताओं, विशेषज्ञों, उद्योगों और नीति-निर्माताओं को साथ लेकर नई दिल्ली में एक बड़े नेशन लेबर एम्प्लॉयमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है और तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

# थालोड़ के नेतृत्व में आई टी यूनियन ने दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| सीकर



पुलिस विभाग में आईटी संवर्ग के नवीन पद सर्जित कराने हेतु आईटी यूनियन सीकर द्वारा प्रवीण नायक पुलिस अधीक्षक महोदय कों ज्ञापन दिया गया, यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश थालोड़ ने बताया कि ज्ञापन के साथ पुलिस विभाग में ई- गवर्नेन्स एवं सूचना प्रोधोगिकी के अनुप्रयोग की कार्यात्मक आधारित तथ्यात्मक रिपोर्ट भी सौपी गयी है, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर बुरड़क ने बताया कि पुलिस विभाग में जिला हेड क्वार्टर, सर्किल ऑफिस एवं विभिन्न पुलिस स्टेशन तक संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी का बहुलता से प्रयोग किया जा रहा है, डिजिटलाइजेशन तथा आईटी से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रगति में आ रही समस्याओं के लिए तकनीकी कार्मिकों की अत्यंत कमी के फल स्वरुप आवश्यक आईटी सपोर्ट के लिए आईटी कैडर के पदों के सृजन की नितांत आवश्यकता है, के अनुसार एसपी ऑफिस में एक उपनिदेशक, एक प्रोग्रामर, तीन सहायक प्रोग्रामर एवं 9 सूचना सहायक, जिले के 9 सर्कल ऑफिसो में 9 प्रोग्रामर, 9 सहायक प्रोग्रामर एवं 18 सूचना सहायक तथा जिले के 30 पुलिस स्टेशन पर 30 सहायक प्रोग्रामर, 30 सूचना सहायक के नवीन केडर सृजन की आवश्यकता है, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमावत ने बताया कि डिजिटल राजस्थान एवं पेपरलेस तीव्र न्याय एवं कानून के सपने को साकार करने हेतु उसी अनुपात में दक्ष आईटी कार्मिकों का पुलिस विभाग में पद सर्जन अति आवश्यक है जिसका लाभ सीधा आमजन को मिलेगा, वर्तमान में विभाग में मुख्य पोर्टल सीसीटीएनएस सिटिजन पोर्टल के माध्यम से नागरिकों के लिए सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इनमें ईएफआईआर, शिकायत, कर्मचारी सत्यापन, किराएदार व सत्यापन, चरित्र प्रमाण पत्र अनुरोध, जुलुस अनुरोध, विरोध व हड़ताल अनुरोध, इवेंट व परफॉर्मेंस अनुरोध जैसी कई सूचनाओं ऑनलाइन प्रदान की जा रही है, इसमें गुमशुदा व्यक्ति, अज्ञात व्यक्ति, घोषित अपराधी, चोरी के वाहन, बरामद वाहन, अज्ञात बरामद व्यक्ति, लावारिस, बरामद संपत्ति, सुरक्षा सूचना, साइबर क्राइम से संबंधित सूचना समय-समय पर पोर्टल पर दर्ज की जाती है, इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश थालोड, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमावत, महावीर बुरड़क, कोषाध्यक्ष साँवरमल, प्रभात तिवाड़ी, प्रवीण जांगिड़, संनंदन शर्मा, अशोक कुलहरी, रणवीर सिंह, राहुल कुमावत, संदीप नायक, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में आईटी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध हथियारों सहित दो आरोपी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल| बानसूर

हरसौरा थाना पुलिस नें कार्यवाही करतें हुए अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी जनमेजाराम ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि हमीरपुर से छीण्ड की ओर जाने वाली घाटी में दों लड़के बैठे है जो संदिग्ध है जिनके पास अवैध हथियार हो सकते हैं। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तों वहां पानी की टंकी के पास दो लड़के बैठे हुए नजर आए जो पुलिस जाप्ते को देख कर भागने लगें। पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ आरोपी प्रवीण कुमार व राकेश कुमार को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे सें एक देशी कट्टा 12 बोर मय दो जिन्दा कारतूस को जब्त किया हैं। पुलिस फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# बानसूर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक, दिल्ली रैली में अधिकतम भागीदारी का किया आह्वान

स्मार्ट हलचल| बानसूर



कस्बे के रामबाग में गुरुवार को पूर्व मंत्री शकुंतला रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 14 दिसंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की जाने वाली विशाल रैली के लिए कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने हेतु प्रेरित करना था। पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी 14 दिसंबर को 'वोट चोर गद्दी छोड़' के मुद्दे पर एक बड़ी महारैली करने जा रही है, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन तंत्र में बढ़ती अनियमितताओं के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों से जुड़े अहम प्रमाण सार्वजनिक किए हैं, जिनमें कई व्यक्तियों के नाम पर एक से अधिक वोटर आईडी होने की बात सामने आई है। रावत ने कहा कि इन मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर पार्टी की ताकत और एकजुटता का प्रदर्शन करें। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 5 दिसंबर को कोटपुतली में जिला स्तरीय बैठक आयोजित होगी, जिसमें कोटपुतली-बहरोड़ कांग्रेस के प्रथम जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर का शपथ ग्रहण समारोह भी होगा। इस बैठक में दिल्ली रैली की तैयारियों और रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस दौरान विधानसभा प्रभारी श्री राम गुर्जर, बानसूर मंडल अध्यक्ष भीम सिंह पटेल, नारायणपुर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र रैगर, नगर अध्यक्ष राहुल आर्य, रजनीश पुरोहित, रणवीर डोई, महेंद्र ढाकला, भूप सिंह सुरेला, मुकेश सैनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइप्रस में भारतीय वारली आर्ट और मधुबनी पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल|शाश्वत तिवारी



**निकोसिया।** साइप्रस में भारतीय उच्चायोग की ओर से 3 दिसंबर को एमबीएस वेल-बीइंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 'इनक्रेडिबल इंडिया' की नायाब झलक देखने को मिली। समारोह में भारत की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) पहल के तहत कई राज्यों के खास उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में भारतीय मूल के नागरिक और स्थानीय कलाप्रेमी शामिल हुए, जो भारत की विख्यात वारली आर्ट और मधुबनी पेंटिंग से काफी प्रभावित दिखे।

'एक जिला-एक उत्पाद' पहल के तहत भारतीय राज्यों की शानदार कारीगरी, पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया। साइप्रस स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट इनक्रेडिबल इंडिया इनिशिएटिव के हिस्से के तौर पर, भारतीय स्टॉल पर महाराष्ट्र और बिहार के खास प्रोडक्ट्स दिखाए गए, जिनमें वारली आर्ट और मशहूर मधुबनी पेंटिंग शामिल रही, जिन्होंने अपनी कलात्मक गहराई और असलीपन के लिए विजिटर्स का काफी ध्यान खींचा।

उच्चायोग ने कहा इवेंट के दौरान हाई कमिश्नर मनीष और मैडम प्रीति गुप्ता ने भारतीय स्टॉल का दौरा किया, एग्जिबिटर्स और अटेंडीज से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारतीय पारंपरिक कला एवं क्राफ्ट्स को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया की तारीफ की।

बता दें कि ओडीओपी भारत की ऐसी महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से विदेशी धरती पर विविधता से भरे भारत के विभिन्न राज्यों की प्राचीनतम एवं दुलर्भ कला को दिखाने का अवसर मिलता है। निकोसिया में भारत का हाई कमीशन अपनी कल्चरल डिप्लोमेसी, ट्रेड फैसिलिटेशन, डायस्पोरा एंगेजमेंट और पब्लिक आउटरीच के हिस्से के तौर पर भारत सरकार की इस फ्लैगशिप पहल को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

साइप्रस में ओडीओपी प्रोडक्ट्स को दिखाकर, मिशन साइप्रस के मार्केट के साथ भारतीय कारीगरी को भी आपस में जोड़ता है तथा सस्टेनेबल टूरिज्म के साथ ही लोगों के बीच भी संबंधों को बढ़ावा देता है। इन कोशिशों को लगातार पहचान मिली है। 2024 में हाई कमीशन को विदेशों में भारतीय प्रोडक्ट्स के शानदार प्रमोशन के लिए नेशनल ओडीओपी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# कथा वाचक महामंडलेश्वर अभिराम दास त्यागी के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव की पूर्णाहुति, महाप्रसादी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्मार्ट हलचल



**हरनावदाशाहजी।** कस्बे का वातावरण गुरुवार को पूरी तरह आध्यात्मिक उल्लास में डूब गया, जब मेला मैदान स्थित बाग वाले हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का भव्य पूर्णाहुति व महाप्रसादी के साथ दिव्य समापन हुआ। अंतिम दिवस होने से सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया और देखते ही देखते पूरा परिसर खचाखच भर गया। दूरदराज़ के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर इस आध्यात्मिक पर्व का हिस्सा बने।

रामानंद सनकादिक संत आश्रम के कथावाचक महामंडलेश्वर अभिराम दास त्यागी के सानिध्य में कथा के अंतिम दिन भक्ति के गूढ़ रहस्यों, आत्मिक शांति और जीवन-साधना के उच्चतम सिद्धांतों का अद्भुत, हृदयस्पर्शी वर्णन हुआ। गुरुदेव के मधुर, प्रभावी और चिंतनयोग्य उपदेशों ने हजारों श्रद्धालुओं को गहन भक्ति-रस में डूबो दिया। कथा के दौरान उठती जय-जयकार और भजनों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा पंडाल दिव्य ऊर्जा से कम्पायमान हो उठा।

मुख्य यजमान परमानन्द नागर रहे, जबकि सातवें दिवस की पूजा में कमल नागर, दुर्गाप्रसाद नागर, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, महेन्द्र सोनी, राहुल सोनी, मोहनलाल शर्मा, धनराज मीणा और मुरलीधर शर्मा ने यजमान-सेवा निभाई। पूजा-अर्चना का दृश्य अत्यंत श्रद्धामय रहा।

महाप्रसादी के दौरान भक्तों की लंबी कतारें पंडाल से बाहर तक फैली रहीं। सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण व्यवस्था के साथ सबको प्रसाद ग्रहण करवाया। राधे-कृष्ण नवयुवक मंडल नई बस्ती ने प्रसादी वितरण और अनुशासन बनाये रखने में विशेष योगदान दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने स्नेह, भक्ति और सामूहिकता की भावना से ओत-प्रोत इस महाप्रसादी का लाभ लिया। सात दिवसीय कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति बढ़ती रही। चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्मोत्सव की में पूरे पंडाल में उल्लास का ज्वार उमड़ पड़ा। राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी, सुंदर सजावट, दीप प्रकाश और भजनों की गूंज ने वातावरण को पूर्णतः दिव्य बना दिया। यज्ञ-हवन, प्रेरणादायी प्रवचन और भजन संध्या जैसे कार्यक्रमों ने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। बुधवार की भजन संध्या में भी बड़ी संख्या में भक्त देर रात तक जुड़े रहे। आयोजन समिति ने कहा कि यह कथा महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता, आध्यात्मिक चेतना, सदाचार और मानवता के संदेश का प्रतीक बन गया। समापन के क्षणों में जब 'जय श्रीकृष्ण' के सामूहिक जयघोष गूंजे, तो पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया।

इसी दौरान कस्बे के अकलेरा मार्ग स्थित रामानंद सनकादिक संत आश्रय पर निर्मित हो रहे विशाल राम मंदिर के लिए भी श्रद्धालुओं व दानदाताओं ने उदारता से सहयोग प्रदान किया। समिति ने बताया कि मंदिर निर्माण जनसहयोग से तीव्र गति पकड़ चुका है। कार्यक्रम के अंत में यह महत्वपूर्ण घोषणा की गई कि सन 2027 में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जन सहयोग से अगली सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति, यजमानों, सेवकों, दानदाताओं और पूरे कस्बे ने कथा के सफल आयोजन पर एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# बाल्मिक मोहल्ला हदियाबाद में गोली चलने से एक युवक की मौत





स्मार्ट हलचल| शिव कौडा

**फगवाड़ा।** बाल्मिक मोहल्ला हदियाबाद में गोली चलने से एक युवक की मौत एसपी फगवाड़ा माधवी शर्मा के अनुसार फगवाड़ा के हदियाबाद इलाके में देर रात उस समय दहशत फैल गई जब युवक की वहां मौजूद युवकों के एक समूह से किसी बात को लेकर बहस हो गई बहस बढ़ते ही क्रेटा कार में आए युवकों ने अचानक उस युवक पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी सफेद रंग की क्रेटा कार में सवार होकर फगवाड़ा से फरार हो गए।वहीं मृतक की पहचान अविनाश पुत्र नंदलाल निवासी हदियाबाद, फगवाड़ा के रूप में हुई है। मृतक के भाई ने बताया कि अविनाश विवाहित था और एक बच्चे का पिता था। उसने बताया कि अविनाश हदियाबाद के जनज घर में बैठा हुआ था, तभी सफेद क्रेटा कार में आए युवकों का एक समूह जो उसके सामने बैठा था उसके साथ किसी बात को लेकर बहस करने लगा। देखते ही देखते आरोपियों ने अविनाश को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला के जन्मदिवस पर कोटा-बूँदी में व्यापक रक्तदान अभियान

## सिमलिया में हुआ ऐतिहासिक रक्तदान

स्मार्ट हलचल




**कोटा।** फरवरी कोटा बूंदी सांसद एवं लोकसभा स्पीकर माननीय ओम बिरला के 4 दिसंबर को जन्मदिवस के उपलक्ष में गुरुवार को सीमलिया कस्बे के मंडोला रोड पर स्थित खेल मैदान परिसर में भाजपा कोटा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर एवं भाजपा सीमलिया मंडल के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह से रक्तदान पूरे जिले में एक एतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया। भाजपा सीमलिया मंडल अध्यक्ष उछ्मा मीणा ने बताया की कस्बें में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीराम ब्लड बैंक, कृष्णा ब्लड बैंक सहित पांच ब्लड बेंक की चिकित्सा टीम के चिकित्सको की देखरेख में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में करीब 1151 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। संग्रह हुआ रक्त सरकारी अस्पतालों में भर्ती थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों तथा जरूरतमंद लोगों के काम में लिया जाएगा।

रक्तदान शिविर के आयोजक जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, मंडल अध्यक्ष उछ्मा मीणा ने कहा आज के समय में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है जब बीमार व हादसे का शिकार हुए किसी भी पीड़ित को समय पर खून मिलता है तो कई घरों को खुशियां मिलती है। जिससे उनके परिवारों की दुआ से खुशी का एहसास होने से सुकून मिलता है। ऐसे आयोजन से कई दुखी घरों में चिराग रोशन करने का काम करते हैं। वही युवाओं में रक्तदान के प्रति सामाजिक चेतना का भी प्रसार हो रहा है। महिलाये भी अब रक्तदान के लिए जागरूक होने लगी है। इस मौके पर नारायण गोयल, अनिल भड़ाना, अनिल जाट, भीमराज मीणा, गिरिराज तिवारी, डायरेक्टर प्रतिनिधि लोकेश तिवारी, महावीर मीणा कालारेवा, जवाहरलाल मीणा, किशन मुरारी मीणा, हंसराज गौत्तम, मंडल प्रतिनिधि हंसराज नागर, सरपंच संघ अध्यक्ष भांडाहेड़ा सरपंच घनश्याम यादव, हनुमान मालव, सिमलिया सरपंच जितेंद्र मेघवाल, गढ़ेपान सरपंच हनुमान गोचर, हेमराज मेहरा, प्रवीण सिंह, पूर्व सरपंच राजेश मीणा, मुकुल नागर, मनोज तिवारी, आशीष गौतम, कन्हैया लाल मीणा, महावीर दाधीच, धर्मचंद मीणा, ओम मीणा, लोकेश मालव, भुवनेश मीणा मौजूद रहे।

## नई कपड़ा मार्केट परिसर में 167 यूनिट रक्त संग्रहित, महिलाओं ने निभाई अग्रणी भूमिका




स्मार्ट हलचल| कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ मनाते हुए कोटा-बूँदी संसदीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में द होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से नई कपड़ा मार्केट परिसर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजन किया।

शिविर के मुख्य संयोजक शंकरलाल निहालानी, जितेंद्र शर्मा और विजय गेरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष कन्हैयालाल ग्वालानी ने की, जबकि सचिव नरेश राजानी और कोषाध्यक्ष रमेश केदावत ने संपूर्ण व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाला। कपड़ा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश मेवाड़ा एवं उनकी टीम का सहयोग शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण रहा।

दिवसभर चले शिविर में कुल 167 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर सेवा और संवेदना का परिचय दिया। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के स्टेट प्रेसिडेंट एवं सहकार नेता राजेश कृष्ण बिरला शिविर में पहुंचे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि 'लोकप्रिय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति जनस्नेह और समर्पण को आज शहरभर में चल रहे सेवाकार्यों के माध्यम से स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की सहायता होती है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी का सर्वोत्तम उदाहरण है। 'शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, अशोक माहेश्वरी, शैलेंद्र ऋषि सहित समाजसेवी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिविर में रक्तदान के समय 'ओम बिरला जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारों कपडा मार्केट गूंजता रहा।

## रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन



### रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

स्मार्ट हलचल| बूंदी

कोटा बूंदी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के 62 में जन्मदिन पर भाजपा द्वारा रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की। सुबह से ही रेड क्रॉस में रक्तदान करने वाले पहुंचने लगे। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि रक्तदान के दौरान दोपहर को लोकसभा अध्यक्ष ओएसडी राजीव दत्ता भी रक्तदान शिविर रेड क्रॉस भवन पहुंचे यहां पर उन्होंने रक्तदाताओं को उत्साह वर्धन किया। दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है प्रत्येक व्यक्ति को वश में एक बार रक्तदान जरुर करना चाहिए। शिविर में जो रक्त संग्रहित हुआ है यह गंभीर दुर्घटनाओं में घायल और गर्भवती महिलाओं के काम आ सकेगा और इससे लोगों की जान बच सकेगी। रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने के लिए जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, शहरअध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, पूर्व सभापति महावीर मोदी, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा, जिला महामंत्री संजय लाठी, भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि डॉ बृजबाला गुप्ता, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, खो खो संघ जिला अध्यक्ष विजयंत सिंह आमेरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, जिला मोर्चा संयोजक महावीर जैन, पंचायत समिति सदस्य अर्चना कंवर हाडा, जिला मंत्री रंजना जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष कालू लाल जांगिड़, जिला कार्यालय मंत्री मोहन कराड, निर्मल मालव, संजय भूटानी, जमुना शंकर, अमित शर्मा, अजय त्यागी, दिलीप सिंह, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अनुराग गौतम, अनिल शर्मा, चेतन पंचोली, दीपक पंचोली, राहुल सेन लोकेश दाधीच सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नापाखेडा के पास बनास नदी में छलांग के बाद लापता युवक का नहीं मिला सुराग

**रातभर अंधेरा और सुबह कोहरे ने रोका रेस्क्यू, एसडीआरएफ का बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी, तलाशी अभियान दूसरे दिन भी जारी, शव नहीं मिला**

स्मार्ट हलचल



**सावर(अजमेर)।** कोटा-अजमेर राजमार्ग पर स्थित गिरवरपुरा (नापाखेड़ा) गांव के पास बुधवार देर शाम एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना हुई। एक बाइक सवार युवक ने अचानक बनास नदी में छलांग लगा दी। पुलिया पर उसकी बाइक खड़ी मिली, वहीं पास में एक महिला की पासपोर्ट साइज फोटो लगा सुसाइड नोट और आधार कार्ड भी बरामद हुआ। दस्तावेज़ों ने पूरे मामले को और ज्यादा गंभीर और संवेदनशील बना दिया। आधार कार्ड के मुताबिक युवक की पहचान रामलाल रेगर, निवासी भीमपुरा, गंधेर (जिला भीलवाड़ा) के रूप में हुई। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और उन्होंने 112 नंबर पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सावर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

### रात में रेस्क्यू नहीं हो सका, सुबह शुरू हुआ अभियान

पुलिस के अनुसार नदी में पानी गहरा होने और स्पीड बोट उपलब्ध न होने के कारण बुधवार रात तलाशी अभियान शुरू नहीं किया जा सका। गुरुवार सुबह कोहरा छंटने के बाद एसडीआरएफ टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गुरुवार को पूरे दिन टीमों ने कड़ी मशक्कत के साथ तलाश अभियान चलाया। लेकिन देर शाम अंधेरा बढ़ जाने के कारण अभियान रोकना पड़ा। पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने बताया कि शुक्रवार सुबह होते ही तलाशी फिर शुरू की जाएगी। खबर लिखे जाने तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका है।

### सुसाइड नोट ने खोला पारिवारिक विवाद का राज

बरामद सुसाइड नोट में रामलाल ने अपने बेटे कृष्णा, जो राजीव गांधी स्कूल अमरवासी में पढ़ता है, का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह छह साल से मानसिक तनाव में था। उसने नोट में अपनी पत्नी, एक अन्य महिला और एक व्यक्ति पर लगातार प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। नोट में तीनों के मोबाइल नंबर भी लिखे हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस का कहना है कि मामला अत्यंत संवेदनशील है और आत्महत्या के असली कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही किया जा सकेगा।

### तीन दिनों में दूसरी घटना, बढ़ी दहशत

गौरतलब है कि नापाखेड़ा पुलिया पर तीन दिनों में यह दूसरी आत्महत्या की घटना है। इससे पहले सोमवार को मोतीपुरा निवासी फूल सिंह बैरवा ने इसी पुलिया से नदी में छलांग लगाई थी। उसका शव मंगलवार को एसडीआरएफ टीम ने बरामद किया था।

# पलाई राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 40 लाख स्वीकृत

स्मार्ट हलचल




नगर फोर्ट पलाई कस्बे के पलाई पंचायत मुख्यालय पर स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सालय के नए भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 1 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस निर्णय से कस्बेवासियों व ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों समाजसेवी शेरसिंह सोलंकी व श्योजीलाल धाकड़ ने बताया कि वर्तमान में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय अटल सेवा केंद्र की पुरानी इमारत के एक हॉल में संचालित हो रहा है। वर्ष 2023 में इसे उप स्वास्थ्य केंद्र से राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया, लेकिन भवन के अभाव में अटल सेवा केंद्र पुराने भवन के एक हॉल में ही संचालित हो रहा है।

ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों की मांग और क्षेत्रीय विधायक, जिला प्रभारी व ऊर्जा मंत्री के प्रयासों के बाद नई इमारत के लिए राशि स्वीकृत की गई है। ग्रामीणों व कस्बेवासियों ने क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रभारी व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का बहुत बहुत हार्दिक आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।ग्राम पंचायत की ओर से नेशनल हाईवे पर पुलीस चौकी के पास पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र की जमीन आवंटित हो रखी है, लेकिन पलाई पीएचसी पर शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं व संसाधनों का अभाव बना हुआ है।

# राजस्थान गृहमंत्री जवाहर सिंह बेडम ने किया शहीद मूर्ति अनावरण



स्मार्ट हलचल

**मंडावर/(दौसा)।** मंडावर उपखंड की ग्राम पंचायत बनावड़ में सीआरपीएफ के शहीद जवान समय सिंह गुर्जर की पुण्यतिथि पर परिवार जनों के द्वारा मूर्ति अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं महुआ विधायक राजेंद्र मीणा ने शहीद की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम रखा गया था जहां गृहमंत्री जवाहर सिंह बेडम के मंडावर पहुंचने पर महवा विधायक राजेन्द्र मीणा ने जोरदार स्वागत किया वहीं आमजन द्वारा भी स्वागत सम्मान किया गया जिसके बाद मुख्य बाजार होते हुए बनावड पहुंचे जहां जगह जगह स्वागत सम्मान किया।वहीं शहीद समय सिंह गुर्जर ने सेना के अदम्य साहस,वीरता, शौर्य व बलिदान को नमन करते हुए शहीद की वीरांगना का सम्मान करते हुए। शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कबीर आश्रम गुलगांव में भक्तिभाव का महापर्व, भव्य झांकी और कलश यात्रा बनी आकर्षण

स्मार्ट हलचल



**सावर(अजमेर)।** सतगुरु कबीर आश्रम गुलगांव में गुरुवार को वार्षिक धार्मिक उत्सव भव्यता और भक्तिभाव के साथ आयोजित हुआ। सद्गुरु कबीर आश्रम सेवा समिति गुलगांव द्वारा वचन वशे मुळाळी मुक्तामणी नाम साहेब के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में यह आयोजन रखा गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु कबीर साहेब की 16वीं वर्षगांठ झांकी और कलश यात्रा के साथ हुआ। गांव की गलियों से निकली शोभायात्रा में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए।

महंत मांगीदास जी के सान्निध्य में सद्गुरु कबीर साहेब के जीवन दर्शन, सत्मार्ग और प्रेरणादायी विचारों पर प्रवचन हुआ। दोपहर 2 से 5 बजे तक मुख्य चौका आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी गौतम और महंत लाल धागे सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत प्रियदास जी महाराज और महंत हरिनारायण जी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नीरज चौधरी ने की, जबकि संचालन में जयकिशन कहार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने 51,000 का सहयोग प्रदान किया तथा आश्रम के लिए 5 लाख रुपये खुल्ला तिबारा देने की घोषणा की। वहीं महंत लाल धागे सरकार ने भी समिति को 51,000 रुपये भेंट किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में घीसू कहार, विष्णु कहार, ओमप्रकाश कहार, देशराज कहार, किशन कहार, संदीप कहार, राकेश कहार, विनोद कहार, राधेश्याम कहार, सत्यनारायण कहार, जसविंदर सिंह साकरिया, हरीश सिंह राठौड़, महावीर, सत्यनारायण, रविन्द्र सिंह सहित अनेक ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पनवाड़ सागर की नहरो में कलकल करता दौड़ा पानी किसानों में खुशी की लहर



स्मार्ट हलचल । दूनी/टोंक

देवली उपखंड के पनवाड़ ग्राम में गुरुवार को पनवाड़ सागर की नहरो में विधि विधान के अनुसार पनवाड़ सागर समिति अध्यक्ष लादू लाल मीणा एवं पंचायत प्रशासक सत्यनारायण माली के नेतृत्व में गुरुवार सुबह 10:00 बजे पनवाड़ सागर की दोनों माइनरों में पानी छोड़ा गया।जिससे पनवाड़ सागर के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन गांव जिसमें पनवाड, सेन्दियावास, बासलक्ष्मणा, नृसिंहपुरा, गोपीपुरा, सिरोही, गांवडी, खेडा, कुशालपुरा को सिंचाई का पानी पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा जिससेकिसान रवि की फसल में अच्छा उत्पादन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान महावीर जी पेंटर, किशन सिंह, राजवीर सैनी, शंकर माली, रणजीत एडवोकेट, मेघराज कुमावत, पारस सैनी, किशन सिंह, शहीद पटेल, गजराज सिंह, अनुराग शेर, रामदयाल वर्मा, भुरे खा, भारत सिंह सहित किसान लोग उपस्थित रहे।प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति अध्यक्ष लादू लाल मीणा एवं एडवोकेट रणजीत सिंह बैरवा ने बताया कि पनवाड़ सागर आजादी से पूर्व रियासत कालीन समय से ही बना हुआ है।जिसका समय- समय पर जीर्णोदार होता रहा और आजादी के पश्चात् जल संसाधन मंत्रालय के सिंचाई विभाग के अन्तर्गत हो गया।वर्तमान में पनवाड़ सागर की भराव क्षमता 14 फिट है एवं वर्तमान में 14 फीट पानी भरा हुआ है। पनवाड सागर की भराव जिसकी क्षमता 143 एमसीएफटी है। सिचाई विभाग के अनुसार 868 हेक्टेयर यानी 3472 बीघा भूमि सिंचित होती है।

# जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली में आयोजन

स्मार्ट हलचल| जयपुर



राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया गया।अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यौगिक पद्धतियों के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने, बच्चों को प्रेरित करने, विभिन्न आसनों के लाभ शारीरिक और मानसिक रोगों के उपचार में निवारण उपाय की समझ विकसित करने, सम्पूर्ण स्वास्थ्य और कल्याण के लिए नियमित रूप से आसनों का अभ्यास करने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित करने, योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित करने, मानव मूल्य स्थापित करना।एकाग्रता एव संतुलन के माध्यम से आध्यात्मिक पहलुओं को उजागर करने के उद्देश्यों के साथ योगा ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख प्रतियोगिताएं आसन, प्राणायाम, क्रिया और बंध चार श्रेणियां में आयोजित की गई।

प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि सुबह 9 बजे से रजिस्ट्रेशन आरंभ किया गया और उसके बाद 10 बजे सरस्वती के चित्रपट पर गोविंद सहाय प्रजापत और भयसिंह मीना प्रधानाचार्य मॉडल स्कूल टोडाभीम ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर योगा ओलंपियाड की विधिवत शुरुआत कि गई। विभिन्न विद्यालयों से आये हुये विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रदर्शन किया। विजेता विद्यार्थियों को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता, भयसिंह मीना, पुखराज मीना पीओ समसा ने प्रमाण पत्र, शील्ड दे कर पुरूस्कृत किया। 8 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिये किया गया।जिनमें 4 विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के नैनसी गर्ग, कोमल बैरवा, दीपक जाटव, दुष्यंत सिंह सिकरवार 4 विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक टोडाभीम अनुष्का परेवा, साक्षी मीणा, रवि जांगिड़, दीक्षांश मीणा। योगा ओलंपियाड चैंपियनशिप स्कूल स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल टोडाभीम, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनुष्का परेवा मॉडल स्कूल टोडाभीम, जूनियर वर्ग (छात्रा) दलीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल बैरवा, नेनसी गर्ग मॉडल स्कूल करौली, जूनियर वर्ग (छात्रा) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैनसी गर्ग मॉडल स्कूल करौली, जूनियर वर्ग(छात्र) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक जाटव मॉडल स्कूल करौली, जूनियर वर्ग (छात्र)दलीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक जाटव और दुष्यंत सिंह सिकरवार मॉडल स्कूल करौली, सीनियर वर्ग (छात्र) दलीय प्रतियोगिता में रवि जांगिड़ और दीक्षांश मीणा मॉडल स्कूल टोडाभीम, सीनियर वर्ग (छात्र) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में रवि जांगिड़ मॉडल स्कूल टोडाभीम, सीनियर वर्ग(छात्रा) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में अनुष्का परैवा मॉडल स्कूल टोडाभीम, सीनियर वर्ग (छात्रा) दलीय प्रतियोगिता में अनुष्का परैवा और साक्षी मीना मॉडल स्कूल टोडाभीम, सीनियर वर्ग (छात्र) बेस्ट ऑफ बेस्ट चैंपियनशिप गजेंद्र जाटव मॉडल स्कूल करौली, सीनियर वर्ग (छात्रा) बेस्ट ऑफ बेस्ट चैंपियनशिप अवना प्रजापत मॉडल स्कूल करौली अनुष्का परेवा और साक्षी मीना मॉडल स्कूल टोडाभीम, जूनियर वर्ग(छात्रा) बेस्ट ऑफ बेस्ट चैंपियनशिप में प्रथम स्थान नैंनसी गर्ग मॉडल स्कूल करौली और आयशा मॉडल स्कूल टोडाभीम, जूनियर वर्ग(छात्र) बेस्ट ऑफ बेस्ट चैंपियनशिप दीपक जाटव मॉडल स्कूल करौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर एडीपीसी सर्वेश कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में 'विद्यार्थियों से योग को अपने दैनिक जीवन कि दिनचर्या में शामिल करने के लिये कहा और राज्य स्तर के लिये चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर अच्छे प्रदर्शन कि शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि निर्णायक मंडल में राजेश कुमार मीना, सतीश कुमार शर्मा, नितिन सिंघल, महेंद्र गौतम, शिवेंद्र दुबे, लक्ष्मी खटीक, प्रभु दयाल जाटव, उमेर मीना, वेद रत्न जैमिनी, अटल भारद्वाज, कृष्णा, रूप सिंह मीणा पालनपुर, मनोज कुमार मीणा, पूजा जाट और रमेश कुमार रहे।कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार मीना ने किया।

# मुस्लिम महासभा के जयपुर ईस्ट के जिला अध्यक्ष बने आमिर खान

स्मार्ट हलचल



**चाकसू।** मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर साहब के निर्देश तथा राष्ट्रीय प्रभारी अमजद पठान की विशेष अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान भाटी ने जयपुर जिले के चाकसू निवासी आमिर खान खान को जयपुर ईस्टजिला अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।

उनकी नियुक्ति के साथ ही क्षेत्र के मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाजजनों एवं शुभचिंतकों एवं उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ हार्दिक बधाइयाँ प्रेषित कीं। मुस्लिम महासभा के उद्देश्यों में तालीम, तंजीम और तिजारत के जरिये समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य शामिल है। ऐसे में संगठन को अजीम खान जैसे ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ता के जुड़ने से और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

**दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है।**

कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। आइए आपको आइस होटल की अन्य खासियत के बारे में बताते हैं, जो आपको हैरान कर सकती हैं...



### नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

### अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।

### काफी कम तापमान के होते हैं कमरे

सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

### बर्फ के सेरेमनी हॉल और रेस्त्रां भी मौजूद

साल 1992 में पहली बार ये होटल खोला गया था। यहां मौजूद रेस्त्रां, सेरेमनी हॉल और कॉम्प्लेक्स को बर्फ से ही बनाया जाता है। इतना ही नहीं, होटल के फर्नीचर, दीवार, बार समेत अन्य चीजों को भी बर्फ से ही बनाया जाता है। यहां एक से एक डिजाइनिंग वाले कमरे मौजूद हैं।

# कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर



**घूमना** आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है। हो सकता है कि आप भी पैसों के चक्कर में घूमने ना जा रहे हों। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप ट्रेवलिंग के दौरान पैसों की भी बचत कर सकते हैं-

### प्लान करें ट्रिप

जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहां जा रहे हैं, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

### सोच-समझकर चुनें एयरलाइन

यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है।एक बजट एयरलाइन आपको कुछ पैसे बचा सकती है, इसलिए ट्रेवल के लिए आप सोच-समझकर एयरलाइन बुक करें। साथ ही अलग-अलग समय पर फ्लाइंग के चार्जेस अलग होते हैं, इसलिए उस पर भी फोकस जरूर करें।

### ऑफ-सीजन में यात्रा करें

यह एक ऐसी ट्रिक है, जो ट्रेवल के दौरान आपके काफी सारे पैसे खर्च होने से बचा सकती है। पीक सीज़न के दौरान यात्रा करने से आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, इसलिए पीक सीज़न की यात्रा से बचना समझदारी है। एयरलाइंस, होटल और फूड प्राइस आदि छुट्टियों के दौरान और क्रिसमस, ईस्टर, ईद और दिवाली जैसे अवसरों पर बढ़ जाती हैं। ऐसे में आप ऑफ सीजन में घूमने का प्लॉन करें। इससे आपके पैसे भी कम खर्च होंगे और भीड़ कम होने के कारण आप अच्छी तरह एंजॉय भी कर पाएंगे।

### खाएं लोकल फूड

अगर आप बजट में घूमना चाहते हैं तो आपको अपने फूड पर भी फोकस करना चाहिए। ओवरप्राइज्ड कैफ़े और रेस्तरां में आपको बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं जिन्हें आप स्थानीय स्थानों पर जाकर बचा सकते हैं जो ताजा भोजन परोसते हैं। इससे एक लाभ यह भी होगा कि आपको उस जगह के ऑथेटिंक फूड का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

## हैप्पी हनीमून





# करना है पॉकेट फ्रेंडली हैप्पी हनीमून तो घूमें इन जगहों पर

**शादी** के बाद हनीमून किसी भी नवविवाहित जोड़े के लिए एक यादगार वक्त होता है। हनीमून ट्रिप को लेकर कपल्स के मन में कई तरह की एक्साइटमेंट होती है। लेकिन बहुत से कपल्स सिर्फ इसलिए हनीमून पर नहीं जा पाते, क्योंकि वह उनकी पॉकेट से बाहर होता है। हो सकता है कि आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप कम बजट में हैप्पी हनीमून ट्रिप प्लॉन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इन जगहों पर जा सकते हैं-

### हिमाचल प्रदेश

दिल्ली से 400 किलोमीटर की दूरी पर हिमाचल प्रदेश एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप कम बजट में अपने पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। यह आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा का घर है और इसमें कई जगह हैं, जैसे कि भागसू फॉल्स, शिव कैफ़े आदि जगहों पर जा सकते हैं और ट्रेकिंग और अन्य एडवेंचर्स एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां पर आपको व्यक्ति प्रति दिन 300 रूपए में ठहरने की जगह मिल सकती है।

### केरल

केरल एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है और न्यू कपल्स के लिए इसे एक बेहतरीन घूमने की जगह माना जाता है। यहां की नेचुरल ब्यूटी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। केरल को भगवान का अपना देश माना जाता है, जिस कारण हर व्यक्ति केरल के मंदिरों को देखना चाहता है। यहां बहुत सिद्ध मंदिर हैं। कुछ मंदिरों में पद्मनाभस्वामी मंदिर, गुरुवायुर मंदिर, वडक्कुन्नत मंदिर, अनंतपुरा झील मंदिर, थिरुमन्धाकुन्नु मंदिर, पडियानूर देवी मंदिर आदि प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। यह पद्मनाभस्वामी मंदिर है जो यहाँ बहुत प्रसिद्ध है।

### उदयपुर

राजस्थान राज्य में कई बेहतरीन घूमने की जगहे हैं, लेकिन आप कम बजट में राजस्थान में हनीमून पर जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उदयपुर जाना चाहिए। यह अपेक्षाकृत काफी सस्ता है। आप यहां पर सिटी पैलेस से लेकर पिंचोला झील आदि कई खूबसूरत जगहों का लुत्फ उठा सकते हैं।

### आगरा

आगरा के ताजमहल को दुनिया के सात अजूबों में शामिल किया गया है। यह बेमिसाल प्यार की निशानी है। ऐसे में आपके लिए आगरा से बेहतर घूमने की जगह कौन सी होगी। यहां घूमने में आपको 5000 रूपए से भी कम का खर्च आएगा। आगरा में आप ताजमहल के अलावा आगरा का किला, फतेहपुर सिकरी आदि घूम सकते हैं। वैसे अगर आप आगरा जा रहे हैं तो वहां का फेमस पेठा खाना ना भूलें।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com